संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-203 शनिवार,25 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम मोदी ने कांग्रेस पर किया कड़ा प्रहार

» केसरिया पगड़ी बांध आए पीएम ने कांग्रेस को घेरा

» पंजाब की प्रगति मेरी गारंटी



**नई दिल्ली,24 मई 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जालंधर के पीएपी मैदान में पहुंचे। उनके आते ही पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। केसरिया पगड़ी पहनकर आए मोदी ने पंजाबी में अपना संबोधन शुरू किया।
दीनानगर की ही तरह जालंधर में भी मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चहेते इतिहासकारों से जो इतिहास की किताबें लिखवाईं, उसमें दो परिवारों का जिक्र रहा- एक अपने परिवार का और दूसरा मुगल परिवारों का...नतीजा ये हुआ है कि देश की कितनी ही पीढ़ियां हमारे साहिबजादों के बलिदान से सही से परिचित ही नहीं हो पाईं। कांग्रेस को लगता था कि साहिबजादों की बात करेंगे तो वोटबैंक नाराज हो सकता है।

### अपनी उपलब्धियां गिनवाईं...

अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनवाया। हमने दर्शन करने, शीश नवाने के लिए रास्ता खोला। पहले हरमंदिर साहिब में विदेशों से चंदे पर रोक थी। वो रोक हमने हटाई। हमारी सरकार ने गुरुओं के प्रकाश पर्व को पूरी श्रद्धा से देश-विदेश में मनाया।
पीएम ने कहा कि पंजाब हमारे भारत की पहचान है, ये हमारे गुरुओं की पवित्र भूमि है, लेकिन कांग्रेस ने पंजाब को कभी भी जमीन के टुकड़े से ज्यादा माना नहीं। कांग्रेस ने 1947 में अपने परिवार को सत्ता दिलाने के लिए पंजाब को बांट दिया। हमारा करतारपुर साहिब, देश की सीमा के ठीक बगल में है, लेकिन कांग्रेस ने उसे पाकिस्तान को सौंप दिया था।

### जहां कांग्रेस वहां समस्या

पहले देश में आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा था,आज मोदी सरकार ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। पहले पाकिस्तान की हिम्मत बढ़ती जा रही थी, मोदी ने जब से घर में घुसकर मारा है, तब से पाकिस्तान भी कुछ करने से पहले 100 बार सोचता है। आज देश भी समझ रहा है, जहां तक कांग्रेस है समस्याएं हैं और जहां भाजपा है समाधान है। पिछले 10 साल में पहली बार देश ने एक नया दौर देखा है। कांग्रेस के समय में नई-नई समस्याएं पैदा होती थीं, मोदी ने पहली बार समस्याओं के हल निकाले हैं। कांग्रेस के समय, गरीबी का संकट गहराता जा रहा था,मोदी के समय में आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। कांग्रेस के समय, देश की अर्थव्यवस्था संकट में थी, आज पहली बार भारत, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।देश में पांच चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण का मतदान भी कल होने जा रहा है। कल तक जो लोग भाजपा के खिलाफ गुब्बारा फुल रहे थे, उनका गुब्बारा भी फूट चुका है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को कोई वोट देना नहीं चाहता।

### आप को बताया कांग्रेस की फोटोकॉपी

आप पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि इस पार्टी ने कांग्रेस से आपातकाल का पाठ भी अच्छे से सीख लिया है। ये कांग्रेस की फोटोकॉपी पार्टी, जो मीडिया हाउस इनकी धमकी के आगे नहीं झुक रहा, उन पर ये मुकदमे करवा रहे हैं। यही इनकी असलियत है। भाजपा, फ्रीडम ऑफ प्रेस के खिलाफ झाड़ू वालों की मनमानी नहीं चलने देगी।मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए पंजाब हमारी आस्था है, पंजाब की प्रगति, मोदी की गारंटी है।

### नशे पर बोले मोदी

पीएम ने कहा कि आज ड्रग्स डीलरों को पंजाब में फ्री लाइसेन्स मिला हुआ है। परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। पंजाब के लोग भी समझ गए हैं, झाड़ू पार्टी वाले तो खुद नशे के होलसेल व्यापारी हैं। जिन्होंने इतना बड़ा शराब घोटाला किया हो, वो पंजाब में ड्रग्स की काली कमाई में डुबकी कैसे नहीं लगाएंगे?

## संक्षिप्त खबर



### बिभव कुमार को मिली 4 दिनों की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली,24 मई 2024(ए)।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपी विभव कुमार की पुलिस हिरासत की अवधि खत्म होने से पहले दिल्ली पुलिस ने उन्हें तीस हजारी कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने विभव कुमार को चार दिनों यानी 28 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### पुणे पोर्श क्रैश मामले में आया बड़ा ट्विस्ट



» आरोपी का दावा-फैमिली ड्राइवर चला रहा था कार

**पुणे,24 मई 2024(ए)।** पुणे के कल्याणी नगर में अपनी तेज रफ्तार पोर्श कार से दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हत्या करने वाले नाबालिग ने पुलिस के आगे नया दावा किया है। 17 वर्षीय लड़के ने दावा किया है कि दुर्घटना के समय कार उसका फैमिली ड्राइवर चला रहा था। वहीं, नाबालिग के दोस्तों ने भी इस दावे का समर्थन किया है।आरोप है कि रियल स्टेटर डेवलपर विशाल अग्रवाल के नाबालिग बेटे ने स्पोर्ट्स कार से दो लोगों को टक्कर मार दी थी,जिसमें उनकी जान चली गई थी।

# पोलिंग बूथों पर बुर्कानशीं महिलाओं की हो जांच

» बीजेपी की चुनाव आयोग से मांग...भड़के ओवैसी

**नई दिल्ली, 24 मई 2024(ए)।** राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को होने वाले मतदान से पहले दिल्ली की बीजेपी इकाई ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर बुर्कानशीं महिलाओं की जांच के लिए पोलिंग बूथों पर महिला सुरक्षा की तैनाती बढ़ाए जाने की मांग की है। इस पर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने आपत्ति जताई है।उन्होंने कहा, भाजपा के दिल्ली इकाई ने निर्वाचन आयोग से कहा है कि बुर्के में औरतों की खास जांच होनी चाहिए। तेलंगाना में पिछले दिनों हुए लोकसभा के मतदान के दौरान इनके उम्मीदवार ने मुस्लिम ख्वातीन की सरेआम बेइज्जती की और परेशान किया। हर चुनाव में भाजपा कोई न कोई बहाना ढूंढ कर मुस्लिम ख्वातीन को परेशान करती है और निशाना बनाती है। परदा-नशीं औरतों को लेकर निर्वाचन सदन के साफ दिशानिर्देश हैं,चाहे वो बुर्के में हों या घूंघट में, या मास्क में, बिना जांच के किसी को भी वोट देने नहीं दिया जाता। तो फिर भाजपा को ऐसी खास मांग क्यों करनी पड़ी? बस मुस्लिम औरतों को निशाना बनाया जाए, उनको सताया जाए और उन्हें वोट देने में बाधा पैदा करें।




वहीं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान ने भी बीजेपी के इस पत्र पर आपत्ति जताते हुए कहा, यह बीजेपी का नाटक और नौटंकीबाजी है। मुस्लिम महिलाओं को परेशान और बेइज्जत करने के मकसद से यह सब कुछ किया जा रहा है। बुर्का उतारकर देखेंगे। नकाब उतारकर देखेंगे। आखिर क्या है ये सब? बीते दिनों हैदराबाद में एक महिला उम्मीदवार सभी पोलिंग बूथों पर जाकर मुस्लिम मतदाताओं की बुर्का उठाकर देख रही थी। आखिर क्या है ये सब? हमने उसके खिलाफ शिकायत भी की है।
वारिस ने बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ये लोग चाहते ही नहीं हैं कि मुस्लिम महिलाएं आकर मतदान करें और यह बात हिंदू-मुस्लिम की करते हैं। मुस्लिमों को बेइज्जत किए बिना बीजेपी को खाना हजम नहीं होता, इसलिए ये सारी नौटंकी हो रही है। पांच चरण के चुनाव के बाद अब इन लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए, इसलिए इस तरह की नौटंकी कर रहे हैं। दरअसल, बीजेपी ने अपने पत्र में दिल्ली के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि मतदान के दौरान शरारती गतिविधियों पर पाबंदी लगाए जाने के मकसद से महिला सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाना जरूरी है। पत्र में बीजेपी ने बुर्कानशीं महिलाओं के अलावा पर्दा कर आने वाली सभी महिलाओं की जांच के लिए भी महिला सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाने की मांग की है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि पोलिंग बूथों पर घूंघट और मास्क लगाकर पहुंचने वाली महिलाओं की भी जांच हो। कई बार लोग पर्दे की आड़ में अपने नापाक मंसूबों को अंजाम दे जाते हैं।




### वोटिंग डाटा सार्वजनिक करने के मामले में कोर्ट ने दखल देने से किया इनकार

**नई दिल्ली,24 मई 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज चुनाव आयोग को राहत भरी खबर सुनाई है। मतदान के पूरे आंकड़े देरी से जारी होने पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत के आंकड़े उसकी वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया है।
लोकसभा चुनाव में मतदान के 48 घंटे के भीतर प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए मतों के आंकड़े वेबसाइट पर डालने की मांग वाली एक याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई की। अदालत ने यह फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने याचिका दायर की थी। चुनाव आयोग ने कोर्ट से कहा कि फॉर्म 17 सी (प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों के आंकड़े) को वेबसाइट पर अपलोड करना उचित नहीं होगा।



### चक्रवाती तूफान रेमाल देने वाला है दस्तक

» 102 की रफ्तार से चलेंगी हवाएं,होगी जोरदार बारिश

**नई दिल्ली, 24 मई 2024(ए)।** भीषण गर्मी के बीच देश के इन इलाकों में चक्रवाती तूफान का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक साइक्लोन रेमाल तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसकी रफ्तार 102 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। यही वजह है कि आईएमडी ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। आईएमडी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहा चक्रवाती तूफान रेमाल जल्द ही पश्चिम बंगाल में दस्तक दे सकता है.साइक्लोन को लेकर आईएमडी की ओर से तारीख भी बता दी गई है. चक्रवाती तूफान रेमाल 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है. मौसम विभाग के मुताबिक ये तूफान 26 मई यानी रविवार को पश्चिम बंगाल में अपनी आमद दर्ज करवा सकता है. इसके साथ-साथ इसके बांग्लादेश के तटों के पास पहुंचने की भी संभावना बनी हुई है.
आईएमडी के मुताबिक पश्चिम मध्य और उससे सटे दक्षिण बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र बीते 12 घंटों के दौरान उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है.

# भाजपा को इस राज्य में 20 सीटों का हो रहा है नुकसान



**नई दिल्ली, 24 मई 2024(ए)।** आज लोकसभा चुनाव के छठे फेज में यूपी की 14 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसके बाद 1 जून को आखिरी फेज का मतदान होगा। ऐसे में सबकी निगाहें 4 जून को आने वाले नतीजों पर टिकी हैं।भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश बेहद अहम है। भाजपा ने सभी 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। लेकिन जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर के नए दावे ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। प्रशांत किशोर ने एक इंटरव्यू में कहा कि भाजपा को यहां 20 सीटों का नुकसान हो सकता है। अगर प्रशांत किशोर की यह भविष्यवाणी सच साबित हुई तो मिशन 80 को करारा झटका लगेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि यूपी में सपा-गठबंधन को फायदा होता दिख रहा है। लेकिन उतना फायदा नहीं हो रहा है, जितना गठबंधन के नेता दावा कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर कोई कह रहा है कि यूपी में भाजपा को 20 सीटों का नुकसान हो रहा है तो मैं कहूंगा कि फिर भाजपा की सीट कहां कम हुई। अभी उनके पास 62 सांसद हैं।

# आजम खान को मिली बड़ी राहत

» 7 साल की सजा पर एचसी ने लगाई रोक; मिली जमानत



**इलाहाबाद,24 मई 2024 (ए)।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। वकील शरद शर्मा ने जानाकारी दी है कि तीनों को जमानत दे दी गई है। आजम खान की सजा पर रोक लगा दी गई है और तज़ीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम की सजा खारिज कर दी ।गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के सजा के फैसले पर भी रोक लगाई है। पहले रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने तीनों को 7 साल की सजा सुनाई थी। अब आजम खान के सक्रिय राजनीति में लौटने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। वहीं, जमानत मिलने के बाद आजम खान का परिवार जेल से बाहर आ सकता है। आजम के साथ-साथ पत्नी और बेटे को भी हाई कोर्ट जमानत दे दी है।

# सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर मानहानि केस में दोषी करार



**नई दिल्ली,24 मई 2024(ए)।** सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर मानहानि केस में दोषी करार। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने मेधा पाटकर को 2001 में दिल्ली के वर्तमान एलजी वीके सक्सेना द्वारा दायर मानहानि मामले में दोषी ठहराया है। एमएम राघव शर्मा द्वारा इस मामले में शुक्रवार को आदेश पारित किया गया। सक्सेना ने पाटकर पर उनके खिलाफ झूठे आरोप, व्यंग्यपूर्ण अभिव्यक्ति और लांछन लगाने का आरोप लगाते हुए मामला दायर किया था। कोर्ट का कहना है कि सक्सेना के खिलाफ पाटकर के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी तैयार किए गए थे। 15 वर्षीय बालक की छत से गिरने से मौत कोर्ट का कहना है कि, बिना किसी संदेह के यह साबित हो गया है कि आरोपी मेधा पाटकर ने सिर्फ प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए गलत जानकारी के साथ आरोप लगाए थे। कोर्ट ने कहा कि, मेधा पाटकर ने आईपीसी की धारा 500 के तहत दंडनीय अपराध किया है।. उसे इसके लिए दोषी ठहराया जाता है। उनकी हरकतें जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण थीं, जिसका उद्देश्य शिकायतकर्ता के अच्छे नाम को खराब करना था। उनके कार्यों ने वास्तव में जनता की नजर में उसकी प्रतिष्ठा और साख को काफी नुकसान पहुंचाया है।

# वैष्णो देवी जा रही ट्रैवलर बस ट्रक से टकराई,सात की मौत

**अंबाला,24 मई 2024(ए)।** अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के पास शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हो गए। सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से ट्रैवलर बस में सवार होकर वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के पास बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई।



शुरुआती जांच में सामने आया है कि हाईवे पर ट्रक ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिस वजह से पीछे से आ रही मिनी बस उससे जा टकराई। इस हादसे में जिन सात लोगों को मौत हुई है, वो एक ही परिवार के सदस्य थे।
पुलिस के अनुसार, हादसे में घायल तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। जबकि चार लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।
अंबाला के पड़ाव थाने के एसएचओ दिलीप ने कहा कि डॉक्टरों का कहना है कि अभी तक इस हादसे में सात की मौत हो चुकी है। कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। ज्यादा गंभीर रूप से घायल लोगों को बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं, इस घटना में घायल लोगों में से कुछ का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। जबकि कुछ घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैवलर बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायल हाईवे पर ही इधर-उधर गिर गए। जबकि कुछ घायल बस में ही फंसे थे। चीख पुकार सुनने के बाद राहगीरों ने घायलों को निकाला और पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





# विदेशी सांसद की हत्या

### महिला पर कसा शिकंजा,हनीट्रैप में फंसाया?

**कोलकाता, 24 मई 2024(ए)।** कोलकाता में बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या को लेकर रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं। सांसद की हत्या में उनके बचपन के दोस्त की साजिश से लेकर पांच करोड़ की सुपारी और हनीट्रैप तक का एंगल सामने आ चुका है। अब खबर है कि बांग्लादेश पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है। कहा जा रहा है कि हो सकता है कि इसी महिला के जरिए सांसद को हनीट्रैप किया गया था। इस महिला का नाम शिलांती रहमान है, जो बांग्लादेश की नागरिक है। बांग्लादेश पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, शिलांती इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड अकतारुजमां शाहीन की प्रेमिका है। जिस समय सांसद अनवारुल की हत्या की गई। वह कोलकाता में ही थी और 15 मई को इस हत्याकांड के मुख्य संदिग्ध हत्यारे अमानुल्लाह अमान के साथ ढाका लौट गई थी।.

## एक्ट्रेस लैला खान हत्याकांड

# मुंबई कोर्ट ने सौतेले पिता को सुनाई मौत की सजा



**मुंबई, 24 मई 2024(ए)।** मुंबई में 14 साल पहले हुए बहुचर्चित और सनसनीखेज एक्ट्रेस लैला खान मर्डर केस में फैसला आ गया है। शुक्रवार को मुंबई की सेशन अदालत ने लैला खान और उसके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी सौतेले पिता परवेज टाक को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने मई के शुरुआती हफ्ते में परवेज टाक को हत्या और सबूतों को मिटाने का दोषी ठहराया था। सरकारी वकील पंकज चव्हाण ने इस हत्याकांड को दुर्लभतम करार देते हुए दोषी परवेज को फांसी पर लटकाए जाने की मांग की थी।
वकील चव्हाण ने कहा था कि लैला खान और उसके परिवार की हत्या एक सुनियोजित मर्डर था। एक क्रूर हिंसक कृत्य को अंजाम दिया गया। एक ही परिवार के 6 लोगों की हत्या करने के बाद उनके शवों को ठिकाने लगा दिया गया था।

## संपादकीय

# केपी.1 और केपी.2 से घबराहट का माहौल

भारत में कोविड-19 के उपस्वरूप केपी.2 से 290 और केपी.1 से 34 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि होने के साथ ही आम जन में घबराहट का माहौल है।कोविड-19 के ये दोनों उपस्वरूप सिंगापुर में संक्रमण के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार हैं, और इस संक्रमण से दुनिया भर के देश चिंतित हो गए हैं।केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत काम करने वाली इंडियन सार्स-सीओवी-2 कंसोर्टियम ऑन जीनोमिक्स (आईएनएससीओजी) द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, नये मामले सात राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सामने आए हैं।हालांकि महामारी विशेषज्ञों ने कहा है कि घबराने या चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस विषाणु के स्वरूप में तेजी से बदलाव होते रहेंगे और यह सार्स-सीओवी2 जैसे विषाणुओं का नैसर्गिक गुण है।' इन उपस्वरूपों से होने वाला संक्रमण उतना गंभीर श्रेणी का नहीं होगा कि अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ जाए या संक्रमित व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए।बहरहाल, कोविड-19 ने जिस तरह भारत में जनजीवन और कारोबार को पटरी से उतारा था, और काफी संख्या में लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है, उससे कोविड-19 के संक्रमण के दोबारा दस्तक देने भर से लोगों में सिहरन होने लगती है। कोविड-19 के संक्रमणकाल में देश का स्वास्थ्य ढांचा बुरी तरह नाकाम साबित हुआ था।लोग हलकान हो गए थे। अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी तो काफी समय बाद सामान्य रफ्तार पकड़ सकी। प्रवासी कामगार पैदल ही अपने घर-गांव जाने के लिए सड़कों पर निकल पड़े थे। उन्हें रोकने के प्रयास किए गए तो कई जगह पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए थे, उन्हें अपने घर-गांव लौटने से रोकने में।दरअसल, मौत का इस कदर खौफ छा गया था कि लोग यह कहते सुने गए थे कि मरना ही है, तो अपने घर पर मरेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत लोग भी दो हिस्सों में बंटे नजर आए। एक हिस्से में ऐसे सेवाभावी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ था, जिन्होंने जान की परवाह न करते हुए संक्रमितों का उपचार किया तो दूसरा हिस्सा ऐसे लोग थे जिन्होंने उपचार के नाम पर लोगों को खुले हाथ लूटने का काम किया। कई नामी अस्पताल अपना दायित्व भूलकर चांदी काटने में जुट गए थे। बहरहाल, जैसा मंजर था, वह इस नये संक्रमण की दस्तक मात्र से ही सिहरन पैदा करता है,तो हैरानी नहीं।

# कोलकाता हाईकोर्ट का फैसला तब आया जब चिड़िया चुग गई खेत

लोकसभा चुनावों के मध्य कोलकाता हाईकोर्ट के दो फैसलों ने ममता बनर्जी और उनकी सरकार को गहरे संकट में डाल दिया। पहले हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग की उन सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया, जिन्हें कथित तौर पर रिश्वत लेकर भर्ती किया गया था।
केन्द्रीय एजेंसियों की छापेमारी में रिश्वत के करोड़ों रूपए का कैश पकड़ा गया था। ममता बनर्जी को अपने मंत्री पार्थ चटर्जी को बर्खास्त करना पड़ा, जिनके वक्त नियुक्तियां हुई थीं और जिनके करीबियों के घरों से करोड़ों रूपए की बरामदगी हुई थी। शिक्षक नियुक्ति घोटाले में खुद मुख्यमंत्री का भतीजा और सांसद अभिषेक बनर्जी भी कटघरे में है। इसके अलावा भी तृणमूल कांग्रेस के कई नेता-कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। लेकिन सुप्रीमकोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करके उन शिक्षकों की नौकरी बचा ली, जिन्होंने रिश्वत देकर और योग्य उम्मीदवारों का हक मार कर ये नौकरियां हासिल की थीं।
हाईकोर्ट ने एक अच्छा फैसला किया था, यह फैसला अगर बरकरार रहता तो रिश्वत देकर नौकरियां हासिल करने वालों में डर का वातावरण बनता कि उन्हें कभी भी नौकरी से निकाला जा सकता है। नतीजतन भ्रष्टाचार पर नकेल लगती, लेकिन सुपीमकोर्ट के फैसला पलटने से भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन मिलेगा कि एक बार रिश्वत देकर नौकरी मिल गई, तो फिर कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। सुप्रीमकोर्ट के उस फैसले ने भ्रष्टाचार को बढावा देने का काम किया है।
अब कोलकाता हाईकोर्ट ने एक और एतिहासिक फैसला दिया है, जब उसने चोर दरवाजे से अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरी देने का रास्ता बंद करने की कोशिश की है। जो काम कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने अभी कुछ महीने पहले किया है कि सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करके हिन्दुओं की ओबीसी जातियों को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी की है, उसे ममता बनर्जी ने 2011 में सत्ता में आने के बाद से शुरू कर दिया था।
22 जनवरी को कोलकात्ता हाईकोर्ट ने अपने एतिहासिक फैसले में 2010 के बाद 77 वर्गों को जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया। जिस तरह नौकरियां रद्द होने पर सुप्रीमकोर्ट में जाने से पहले ही ममता बनर्जी ने हाईकोर्ट का फैसला मानने से इंकार कर दिया था, उसी तरह इस फैसले को भी मानने से इंकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने कहा है कि उन सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी का प्रमाणपत्र दिया जाना जारी रहेगा, जिन्हें उनकी सरकार ने ओबीसी में शामिल किया है।
ममता बनर्जी ने हाईकोर्ट के फैसले को भारतीय जनता पार्टी का फैसला बताया है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी चुनावों में मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करके हिन्दू ओबीसी के आरक्षण कोटे में सेंधमारी का मुद्दा उठाती रही है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं भाजपा के देश भर के हर नेता ने इस फैसले को इंडी एलायंस के मुस्लिम तुष्टिकरण का प्रमाण बताकर हमलावर रूख अपनाया है।
लोकसभा चुनावों में आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बना ही हुआ था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल वोटरों को यह कह कर डरा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे, और एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे। इसके जवाब में मोदी ने



गारंटी दी है कि वह तो क्या कोई भी आरक्षण खत्म नहीं कर सकता, लेकिन कांग्रेस सत्ता में आई तो वह हिंदुओं के ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का सारा कोटा मुसलमानों को देगी। जिसके प्रमाण के तौर पर भाजपा ने कर्नाटक का उदाहरण भी दिया है, जहां सारी मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल कर लिया गया है।
चुनावों के दौरान ही लालू यादव ने यह कर इंडी एलायंस के इरादों की पुष्टि की थी कि सभी मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। हाल ही में भाजपा ने राहुल गांधी के 2011 के एक भाषण का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें वह सारे मुसलमानों को आरक्षण की बात कह रहे थे। लेकिन इन सबसे ऊपर कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले ने भाजपा को बड़ा हथियार थमा दिया है, कि इंडी एलायंस के दल जहां जहां सत्ता में हैं, वहां वहां वे हिंदुओं के ओबीसी वर्ग का आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं।
लेकिन ममता सरकार के मुसलमानों को ओबीसी में शामिल किए जाने के खिलाफ यह फैसला तब आया है जब चिड़िया चुग गई खेत,यानी जब देश की 428 सीटों पर चुनाव हो चुका है, और सिर्फ 115 सीटें बची हैं। लेकिन भाजपा बाकी बची 115 लोकसभा सीटों पर इस फैसले को ज्यादा से ज्यादा भुनाने में जुट गई है। हालांकि बंगाल में तो सिर्फ 17 सीटें ही बची हैं, 25 सीटों पर तो चुनाव हो चुका है।
हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सारे सिस्टम को दरकिनार करके जिन 42 वर्गों को ओबीसी वर्ग में रखा, उनमें से 41 वर्ग मुस्लिम समुदाय के हैं। यह वास्तविक सामाजिक और आर्थिक आधार देखने के बजाए वोट बैंक को सामने रख कर किया गया फैसला था। ममता बनर्जी सरकार ने 2012 से लेकर 2023 तक करीब पांच लाख प्रमाण पत्र बांटे हैं। अब उनमें से कितने सरकारी नौकरी में हैं,यह आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। लेकिन हाईकोर्ट ने उन लोगों को छूट दे दी है, जो इन प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी पा चुके हैं।
अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार के पिछड़ा वर्ग आयोग पर ऊंगली उठाई है, जिसने आरक्षण को लागू करते समय संविधान के अनुच्छेद 16(4) में निर्धारित सिद्धांतों का पालन करने के बजाए टीएमसी के राजनीतिक वादों को पूरा करने के लिए अनुचित जल्दबाजी में काम किया और आरक्षण प्रणाली की अखंडता से समझौता किया।ममता बनर्जी ने खुद की ओर से नियुक्त आयोग से मुस्लिम तुष्टिकरण का यह एक बहुत बड़ा खेल करवाया था। मुस्लिम तृणमूल कांग्रेस का मुख्य वोट बैंक हैं। तृणमूल कांग्रेस के मुस्लिम नेता बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध रूप से भारत में आने वाले मुसलमानों को बसाने और उनका भारतीय नागरिकता के फर्जी दस्तावेज बनाने के काम में लगे रहते हैं। भारत सरकार ने जब रोहिंग्या मुसलमानों की शिनाख्त शुरू की थी, तो उसका सबसे ज्यादा विरोध पश्चिम बंगाल में ही हुआ था।
इस फैसले से उठने वाले बुनियादी सवालों में से एक यह है कि हिंदू जाति-आधारित आरक्षण को मुस्लिम समुदायों तक क्यों बढ़ाया जाना चाहिए, जबकि मुस्लिम इस बात का दावा करते हैं कि उनके यहाँ जाति व्यवस्था है ही नहीं। भारतीय संविधान के मुताबिक़ आरक्षण सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए बनाया गया था। संविधान सभा ने धार्मिक आधार पर आरक्षण की मांग को बहस के बाद ठुकरा दिया था, लेकिन संविधान लागू होने के सत्तर साल बाद आरक्षण राजनीतिक तुष्टिकरण का एक हथियार बन गया है। टीएमसी सरकार ने 2012 में क़ानून बना कर मुस्लिमों को ओबीसी आरक्षण में दावा करने की छूट देकर उनका तुष्टिकरण किया, अपना वोट बैंक पक्का किया, जबकि हिंदुओं के खिलाफ हथियार बना लिया। कायदे से देखा जाए तो कोलकाता हाईकोर्ट का फैसला उन सभी राजनीतिक दलों के लिए चेतावनी है, जो संविधान की आरक्षण व्यवस्था को अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए तहस नहस करने में लगे हुए हैं। सुप्रीमकोर्ट पहले भी कई बार विभिन्न सरकारों की ओर से दिए गए मुस्लिम कोटे को रद्द कर चुका है, अब देखना है कि कोलकातता हाईकोर्ट का फैसला जब सुप्रीमकोर्ट में पहुंचता है तो सुप्रीमकोर्ट का क्या रूख रहता है।

**-अजय सेतिया-**

# सुरक्षित भविष्य की कल्पना

पश्चिमी राजस्थान में घटित जमीन में धंसाव की हालिया दो घटनाओं ने समूचे देश का ध्यान आकर्षित किया है। सोलह अप्रैल को राजस्थान के बीकानेर जिले की लूणकरणसर तहसील के सहजरासर गांव में एक खेत का लगभग डेढ़ बीघा हिस्सा जमीन में अचानक धंस गया। इस घटना के कारणों के विषय में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, जैसे भूगर्भीय प्लेटों में हलचल का होना एवं इस क्षेत्र में व्याप्त विशाल जल राशि के दोहन से उत्पन्न हुए वैक्यूम का लगातार कम होना। किंतु भारतीय भू सर्वेक्षण विभाग के वैज्ञानिक जिस संभावित कारण को सर्वाधिक मान रहे हैं वह है-थार के मरु स्थल के नीचे प्रवाहित सरस्वती नदी के जल के सूखने से उत्पन्न हुए वैक्यूम का लगातार कम होना।इसी तरह की घटना सात मई को बाड़मेर के नागाणा क्षेत्र में घटित हुई है। यहां तेल के कई कुएंहैं, जिनसे क्रूड ऑयल का उत्पादन हो रहा है। इस क्षेत्र में मंगला टर्मिनल के वेल पेड 3 से 7 के बीच में करीब डेढ़ से दो किलोमीटर लंबी जमीन में दरार आई है। यहां भी जमीन से भारी मात्रा में तेल के दोहन से उत्पन्न हुए रिक्त स्थान के कारण इस घटना का होना माना जा रहा है। वर्ष 2000 के बाद इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं। पूर्व में कोलायत में ऐसे ही जमीन का धंसाव हुआ है।
इस तरह की घटनाएं भविष्य में किसी बड़ी भूगर्भीय हलचल के होने की ओर इशारा कर रही हैं, जो चिंता का विषय है। ऐतिहासिक तथ्य है कि सरस्वती नदी राजस्थान में थार के मरु स्थल से होकर बहती थी जो कालांतर में लुप्त हो गई।इसके पश्चात जीआईएस डाटाबेस के आधार पर इसको पुनर्जीवित करने के अभियान की शुरुआत प्रोजेक्ट सरस्वती' के तहत हुई। सैटेलाइट इमेज दिखाती है कि सरस्वती नदी की घाटी हरियाणा में कुरुक्षेत्र,कैथल,फतेहाबाद और सिरसा में समाहित है,जबकि राजस्थान में यह नदी श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ और थार के मरु स्थल से होते हुए खम्बात की खाड़ी तक जाती है। बीकानेर और बाड़मेर में हुई घटनाएं सरस्वती नदी घाटी की दिशा में ही घटित हुई हैं। साल 1998 में मिशन सरस्वती योजना के तहत इस क्षेत्र में कई बोरवेल खोदे गए थे जिनसे स्वतः ही पानी निकलता है। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने इनसे निकलने वाले पानी को तीन हजार से चार हजार साल पुराना होने का दावा किया है। इस क्षेत्र में जमीन के नीचे मीठे पानी की लगभग 40-50 मीटर मोटी परत है।जमीन के नीचे बहती नदी जब सूखने लगती है तो जहां-जहां पानी गहरा होता है उन स्थानों पर तालाबनुमा और झीलनुमा जलीय



स्रोत रह जाते हैं। इस क्षेत्र के आस पास सौ से दो सौ किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में किसानों द्वारा पानी दोहन हो रहा है, जिससे पाताल में लगातार वैक्यूम बन रहा है। जिन स्थानों पर यह स्थिति बन रही है उन रिक्त स्थानों पर जमीन बैठने लगती है। बीकानेर में जमीन धंसने से हुआ लगभग 82 फुट गहरा गड्ढा इसी के परिणामस्वरूप बनता प्रतीत हो रहा है जो लगातार गहरा होता जा रहा है। बाड़मेर में जिस स्थान पर जमीन में दरार आई है वहां ऑयल एंड गैस प्लांट है। इस घटना के कारणों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा प्रथम दृष्ट्या यह आशंका जताई जा रही है कि तेल निकालने के लिए होने वाली ड्रिलिंग के चलते लगभग दो किलोमीटर जमीन में दरार आई है, जबकि कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि यहां कई तेल के कुएं हैं, जिनसे दशकों से क्रूड ऑयल का दोहन हो रहा है, इससे आस पास के क्षेत्र में लगातार वैक्यूम बन रहा है। इस कारण से भी दरार का बनना माना जा रहा है। अतः यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी की भूमि धंसाव एक मानव प्रेरित घटना है। विश्व में भूमि धंसाव के सभी मामलों में लगभग 70 प्रतिशत मानवीय गतिविधियों के कारण होते हैं, जिसमें भूजल निष्कर्षण 60 प्रतिशत है।उपरोक्त घटनाओं ने भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति उत्पन्न कर दी अतऽइन स्थितियों से निपटने के लिए हमें अनुकूल समाधान निकालने होंगे जो इस प्रकार हो सकते हैं-भूजल निष्कर्षण कम करना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भूजल पुनर्भरण को लागू करना इत्यादि। भूजल पुनर्भरण में कृत्रिम पुनर्भरण जैसी विभिन्न तकनीकों के माध्यम से भूजल संसाधनों को फिर से भरना शामिल है। इस प्रक्रिया का उपयोग जलभृतों में पानी की मात्रा बढ़ाने, भूजल की गुणवत्ता में सुधार करने और अत्यधिक भूजल दोहन के कारण होने वाली भूमि धंसाव को रोकने के लिए किया जाता है।यह न केवल भूमि धंसाव को रोकती है, बल्कि सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिए पानी का एक वैकल्पिक स्रोत भी प्रदान कर सकती हैं और साथ ही भूजल की गुणवत्ता में भी सुधार कर सकती हैं। पर्याप्त संख्या में वृक्षारोपण करके भी इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। हमें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ, आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए जल संसाधनों का उपयोग करना होगा। सतत विकास' की अवधारणा को अपने जीवन में अपनाने के साथ ही जल ही जीवन है' इसे संस्कार के रूप में आत्मसात करना होगा तब जाकर हम एक सुरक्षित भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

**-डॉ. हंसा मीना-**

## बाल कहानी

# एहसान



टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

दर्री तालाब में चीकू नामक एक मेंढक रहता था। वह सीधा-सादा और शांतिप्रिय था। उसे शोरगुल तनिक भी पसंद नहीं था। तालाब के किसी भी प्राणी से उसकी कोई दुश्मनी नहीं थी। उसे सभी से बहुत प्रेम था। तालाब के सभी प्राणी उसे बहुत चाहते थे।

एक बार चीकू तालाब के किनारे बैठा था। बरसात का मौसम था। रिमझिम-रिमझिम पानी बरस रहा था। वह ठंडी-ठंडी हवा का मजा ले रहा था। फिर कहीं से एक बगुला आया। उस बगुले का



नाम था सोनू। सोनू बगुले ने चीकू को पकड़ लिया। अब चीकू सोनू की चोंच में दबकर छटपटाते हुए विनती करने लगा- बगुला भैया मुझे छोड़ दो। मुझ पर तरस खाओ। मैं आपके कभी न कभी काम आऊँगा। चीकू के नम्रतापूर्वक शब्दों से सोनू को उस पर दया आ गई। उसने चीकू को छोड़ दिया। पानी में छप से कूदकर चीकू बोला- भैया, मैं आपका यह एहसान कभी नहीं भुलूँगा। आप मुझे मुसीबत में याद कर लेना; शायद मैं आपके काम आ जाऊँ। फिर वह पानी में डूब गया। बेचारा भूखा सोनू बगुला भी वहाँ से उड़ गया।
लगभग सात-आठ महीने बीत गये। उसी तालाब के किनारे एक दिन सोनू बगुला अपना भोजन ढूँढ रहा था। तभी अचानक सोनू एक शिकारी के जाल में फँस गया। शायद शिकारी जाल को पहले से फैला कर कहीं चला गया था। बेचारा सोनू जाल में फँसा फड़फड़ाने लगा। उसे मौत का डर सताने लगा। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। उसके चिल्लाने की आवाज चीकू मेंढक को सुनाई दी। तालाब के किनारे जाकर देखा, तो वही सोनू बगुला था,जिसने कभी उसे जीवनदान दिया था।
चीकू बोला- आप जाल में फँस गये हैं, लेकिन चिंता न करें। कोई आपका बाल भी बाँका नहीं कर सकता। आखिर मैं आपकी मुसीबत में काम नहीं आऊँगा, तो कब काम आऊँगा।
चीकू की बात सुनकर सोनू बोला- मेंढक भाई, कुछ भी करो, पर मुझे बचा लो; नहीं तो मैं मर जाऊँगा।
चीकू ने कहा- ठीक है। डरो मत। मैं बिट्टू को बुला कर लाता हूँ। फिर चीकू अपने मित्र बिट्टू केकड़ा को बुलाने चला गया।
बिट्टू केकड़ा आया। सोनू के जाल को काटने लगा। सोनू जाल से मुक्त हो गया। इस तरह चीकू को एहसान चुकाते देख सोनू की आँखों से आँसू छलक पड़े। सोनू डबडबाई आँखों से कहने लगा- भाई, तुम महान हो। तुमने मेरी जान बचाई।
सोनू भैया, इसमें महानता की क्या बात है ? मैंने अपना फर्ज पूरा किया है। चीकू बोला।
फिर सोनू ने बिट्टू को भी धन्यवाद दिया। तीनों बहुत प्रसन्न हुए। तीनों में दोस्ती हो गई।

# मेरी कलम की ज़ुबानी शिवानी सुरकार उर्फ हीरोइन की कहानी



वीना आडवाणी
तन्वी
नागपुर,
महाराष्ट्र

महाराष्ट्र वर्धा की रहने वाली शिवानी सुरकार वो शख़्सियत हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में इतने अधिक उतार-चढ़ाव देखे कि उनकी जगह कोई आम इंसान होता तो वो तो टूट कर ही बिखर जाता या खुद को ही हर परिस्थिति का दोषी मानकर अपनी जीवन लीला ही शायद स्वयं अपने हाथों से ही लील जाता। बिल्कुल सही कह रही हूं मैं। अगर मैं ही इस जगह होती तो अब तक न जाने कौन सा ऐसा कदम उठा लेती कि शायद में आप लोगों के बीच ही नहीं होती।
शिवानी सुरकार उर्फ हीरोइन, जिसे लोग उनके जन्म के नाम से तो नहीं परंतु उनको समाज के द्वारा दिए गये नाम हीरोइन जो की उनकी खूबसूरती के अनुसार बिल्कुल सही है। मैं जब पहली बार एक अवार्ड समारोह के अंतर्गत शिवानी को देखी थी तो मुझे अपनी आंखों पर यकीन ना हो रहा था और दिल भी मानने को तैयार ना था कि इतनी खूबसूरत लंबे बाल, लंबाई, गठिला बदन, गौर वर्ण, चेहरे पर छाया वो तेज, माथे पर गोल सी बिंदिया ओर ना जाने कितना विश्लेषण करूं उनकी खूबसूरती का मेरे पास तो जैसे शब्द ही कम पड़ गये हैं शायद इसी कारण शिवानी को आज बहुत से लोग शिवानी नाम कहकर हीरोइन नाम से बुलाते हैं।
शिवानी वो हैं जो हम आम इंसानों कि श्रेणी मैं नहीं बल्कि एक विशेष श्रेणी में आती है। मानव समुदाय में भी तीन समुदाय होते हैं एक समुदाय होता है नर का, एक समुदाय होता है नारी का और एक समुदाय होता है अर्धनारीश्वर का जिसे हम बोलचाल की भाषा में तीसरा समुदाय जिसके अंतर्गत आने वाले लोगों को किन्नर कहा जाता है। जी हॉं!
शिवानी सरकार एक किन्नर हैं जिसकी जिंदगी की शुरुआत में ही उसे उसके मां-बाप के दिल में उन्हें पहले तो त्यागने का विचार आया अर्थात उन्हें किन्नर समुदाय को सौपने का सोचा गया , परंतु मां के शिवानी के प्रति अति स्नेह को देखते हुए इस फैसले को बदल लिया गया और शिवानी अपने ही मां-बाप और बड़े भाई के साथ रहकर परिवार में ही पली-बड़ी। परिवार के अंतर्गत ही आम इंसानों की तरह ही शिवानी के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया गया उसे हर एक वह सुविधा दी गई जो उसके बड़े भाई को मिलती थी। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी उसे आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रोत्साहित करते रहे। कोशिश की जाती थी कि शिवानी को कभी यह महसूस ना हो सके की वह किसी विशेष समुदाय के अंतर्गत आती है। परंतु जैसे-जैसे शिवानी थोड़ी बड़ी होती गई वो अपने ही घर में, उनके ही बड़े भाई की विकृत मानसिकता के कारण वह अपने भाई के द्वारा उन्हें मारा पीटा जाता रहा हमेशा और मानसिक प्रताड़ित भी किया गया। जिसके चलते शिवानी ने अपने घर को त्याग दिया और वह अपने घर से दूर निकल गई शिवानी ने हिम्मत नहीं हारी और ना ही अपनी जान देने कि बुज़दली जैसा कोई कदम उठाया। बल्कि उन्होंने अपने जीवनयापन के लिए ट्रेन के अंदर भी लोगों से पैसे मांगे प्लेटफार्म पर लोगों से पैसे मांगे।
शिक्षा के प्रति अधिक लगाव होने के कारण शिवानी ने अपनी शिक्षा को निरंतर जारी रखा। काफी मशक्कत के बाद वो एक दिन अपने घर अपनी जन्म स्थली लौट आई जहॉं से उनको उनकी आगे की शिक्षा के लिये वर्ष 2006 में नागपुर स्थित किसी छात्रावास में पढ़ाई के लिये रखा गया परंतु वहॉं के कुछ छात्रों ने मिलकर शिवानी का पहली बार शारीरिक शोषण किया जिसके चलते शिवानी ने पहली बार खुद की जीवनलीला को समाप्त करने के लिये गलत कदम उठाया परंतु डॉक्टरों कि तत्परता के चलते उनकी जान बच गई। शिवानी फिर से नये सिरे से जिंदगी शुरू कर आगे बढ़ी भूतकाल को भूलकर परंतु शिवानी ने वर्ष 2019 में फिर किसी परेशानी के चलते फिर अपने जीवन को हिम्मत हार खत्म करने जैसा कदम उठाया परंतु ईश्वर को कुछ ओर ही मंज़ूर था उन्होंने फिर शिवानी के प्राण हर दिये और उन्हें चेतन्य कर कुछ कर दिखाने का हौसला दिया और आज वही शिवानी आगे की शिक्षा प्राप्त कर आज के समय की शिवानी सुरकार एक जानी-मानी वकील है जो कि हमारे भारत देश की तीसरी समुदाय की तीसरे नंबर पर बनने वाली वकील है और



महाराष्ट्र के विदर्भ प्रांत की वह तीसरे समुदाय से उभर के आने वाली सर्वप्रथम वकील है।
उनके वकील होने के बावजूद भी उनके साथ बहुत से लोगों ने उनके जज्बातों के साथ खेल कर उन्हें पहले तो अपनी बातों में उलझा कर मोहब्बत के जाल में इस कदर फसाया की वह उनके ऊपर दिलों जान से कुर्बान हो गई। प्यार एक ऐसी चीज होती है जो सिर्फ हम आम इंसानों के अंतर्गत नहीं होती है शारीरिक रूप से चाहे तीसरा समुदाय शिथिल है लेकिन इनके अंदर भी जज्बात वही भाव वही दिल वही हमारे जैसे सोचने समझने की शक्ति होती है जिसके चलते यह भी भावनात्मक रूप से बहुत ही जल्दी किसी की बातों में आ जाते हैं और उलझा के रह जाते हैं। यही सब भी शिवानी सरकार जी के साथ हुआ जिनकी जिंदगी में कुछ ऐसे शख्स लोगों ने कदम रखा जिन्होंने पहले तो उनके भावों जज्बातों के साथ खेल उन्हें अपने विश्वास में लेकर उनके साथ मोहब्बत का प्रसंग रचा हर प्रकार से साथ देने के अनेक वादे कर डालें और जब उनकी इस मोहब्बत का पारा परवान चढ़ने लगा और यही बात जब समाज के सामने आने लगी तब समाज के सामने जो व्यक्ति उनके साथ में बेइंतेहा मोहब्बत करने और साथ देने के वादे कर रहे थे उन्होंने समाज में अपनी बदनामी के चलते शिवानी सुरकार के ही जज्बातों से खेल कर उन्हें ही गलत ठहराने का निरंतर प्रयास किया जिसके चलते शिवानी सुरकार उर्फ़ हीरोइन भीतर से पूरी तरह टूट कर बिखर गई। उन्हें वापस उभर कर आने में काफी वक्त लग गया परंतु वह हिम्मत नहीं हारी और उन्होंने खुद को संभालते हुए फिर इस मंजिल की ओर कदम बढ़ाया जिस मंजिल की ओर उनका लक्ष्य उन्हें बुला रहा था, सफलता बाहें फैलाए खड़ी थी उन्हें अपने आगोश में लेने के लिए और वह लग गई फिर से अपनी वकालत की प्रेक्टिस करने में। बहते हुए उनके आंसूओं को पोंछने वाला कोई नहीं था और शायद कभी उनकी शारिरिक कमी के चलते कोई पोछेगा भी नहीं उनके आंसू ये बात शायद वो जान चुकी थी। आंसू देने वाले , उनके जज्बातों से खेलने वाले, सिर्फ और सिर्फ उनके शारीरिक बनावट खूबसूरती के चलते सिर्फ उनके जिस्म का इस्तेमाल करने ही वाले उन्हें इस जहरीले समाज में मिलेंगे ये उन्होंने गांठ बांध ली थी और उनको समझ आ गया था शायद कि उनके समुदाय के लिये प्यार नामक शब्द बना ही नहीं है। इसलिए उन्होंने खुद के ही हाथों खुद के ही भीतर पल रहे अपने हर एक उस भावनात्मक पहलुओं, जज्बातों का क़त्ल कर लिया और बढ़ चली मंजिल की ओर फिर से वही काला कोट और गले से सफेद पट्टी सा बो बांधकर जो उन्हें आम इंसानों के बीच विशेष पहचान दिलवाता वकील शिवानी उर्फ हम सब कि चहेती हीरोइन। आज शिवानी उर्फ हीरोइन से मेरी कलम के जरिए आप लोग मिले हैं यह सिर्फ एक शिवानी की कहानी नहीं है यह हर एक किन्नर समुदाय की कहानी है जिसके अंतर्गत बहुत सी ऐसी किन्नर हैं जिनके जज्बातों के साथ खेल कर बहुत से लोग उन्हें अपनी जरूरत के लिए इस्तेमाल करते हैं और जब उनकी जरूरत पूरी हो जाती है तो उन्हें टूटने के लिए छोड़ दिया जाता है। जो पहले से ही शारीरिक शिथिलता के चलते अंदर से पूरी तरह ना सही पर थोड़े बहुत बिखरे हुए होते हैं उन्हें और बिखर के रख दिया जाता है। क्या यह शोभा देता है? हम आम इंसानों को की एक विशिष्ट समुदाय के अंतर्गत आने वाले कीन्नर की खूबसूरती का इस तरह इस्तेमाल करें और उनके भावों के साथ इस कदर खेले? हमें हक नहीं बनता है। कहते हैं कि किन्नर समाज वह समाज है जिसे श्री राम जी ने आशीर्वाद दे रखा है जो अर्धनारीश्वर कहलाते हैं जिनकी दुआओं के लिए लोग तरसते हैं और यदि उनके भावनात्मक पहलुओं से खेल उनके शरीर से खेल इनको भीतर तक तोड़ के रख देने के बाद क्या आप यह आशा कर सकते हैं कि उनके मुख से निकलने वाली बद्दुआ व्यर्थ जाएगी? चाहे एक आम इंसान हो, चाहे एक किन्नर समुदाय का इंसान हो भाव जज़्बात हर किसी के भीतर होते हैं और हम इंसानों को हक नहीं बनता कि किसी के भावों के साथ खेल कर हम उनकी बद्दुआओं का शिकार हो और अपनी जिंदगी को तहस-नहस करें। आशा करती हूं कि मेरी तरह आप भी शिवानी सुरकार उर्फ़ हीरोइन की दास्तां सुनकर किन्नर समुदाय के लिए विशेष सम्मान रखेंगे और उनकी खूबसूरती के लिए नहीं बल्कि उनके विशेष होने के लिए उनकी तारीफ कर उन्हें वही सम्मान देंगे जिस सम्मान के वह लायक है। शिवानी के आज महाराष्ट्र में लाखों शुभचिंतक व उनकी खूबसूरती के कायल भी है। अनगिनत बेशकीमती सम्मानों व तोहफ़ों से सम्मानित हुई शिवानी जिनके हर एक सम्मान चिन्ह देखते ही बनते हैं वो इसी तरह हर ओर अनगिनत ओर भी सम्मान चिन्ह पाएं , साथ ही आशा करती हूं कि शिवानी ने भविष्य के लिये जो बेशकीमती सपने बुने हैं कुछ बनने और कुछ कर दिखाने के लिये वो हर एक सपना उनका जरूर पूरा हो ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# झूठ की आकुलता



सूर्य कुमार,
पयागपुर,
बहराइच,
उत्तर प्रदेश

जुबान लड़खडाने लगी
झूठ बड़बडाने लगा
बहुत दिया तुम्हारा साथ
अब तो छोडो मेरा हाथ
आजिज़ आ गया हूँ
थू-थू हो रही है
चहूँ ओर मेरी भी तुम्हारे साथ
अब छोड़ दो मेरा हाथ
छोड़ दो मेरा हाथ
तुम्हारी हो न हो पर
मेरी तो सीमा है
करने की बर्दाश्त
तुम्हारी तो जायेगी
किन्तु मेरी तो ख़त्म
हो जायेगी साख
अब छोड़ दो मेरा हाथ
अब छोड़ दो मेरा साथ
नही छोड़ोगे तो मैं छोड़ दूँगा
चला जाऊँगा साथ सच के
खोल दूँगा तुम्हारी सारी पोल-पट्टी
बचा लूँगा अपनी साख
तुम्हारी हो न हो
किन्तु मेरी तो
कुछ इज़्ज़त है
मेरी सच्चाई तो जानते हैं सब
करेंगे यक़ीन मुझ पर
और मेरी हर बात पर
यह धमकी मत समझना
बख़्श दो मेरी गरिमा
और छोड़ दो मेरा हाथ
छोड़ दो मेरा साथ
अब बहुत हो चुका
बस बहुत हो चुका
अब छोड दो मेरा हाथ !

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# एन एच अंबिकापुर-बिलासपुर 130 की बेसकीमती शासकीय भूमि पर कब्जा दिलाने का चल रहा खेल

## लखनपुर तहसील बना भू माफियाओं का अड्डा आम ग्रामीण लग रहे तहसील कार्यालयों का सालों साल चक्कर नहीं मील रहा न्याय

– मनोज क़ुमार –
लखनपुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर तहसील कार्यालय में भू माफिया का अड्डा बना हुआ है। जहां भू माफिया सक्रिय हैं जमीन की कमीशन खोरी को लेकर अधिकारियों के द्वारा भू माफिया का कार्य अति शीघ्र अपने निवास में बुलाकर किया जा रहा है तथा सीधे-साधे भोले भाले ग्रामीणों को सालों साल तहसील कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर। वहीं भू माफिया का कार्य में लिफ्त कुछ पटवारी जिनके द्वारा स्वयं जमीन खोज कर भू माफिया संपर्क कर उक्त भूमि का खरीदी बिक्री कराया जा रहा है और बीच का कमीशन लिया जा रहा है।






### एनएच की बेसकीमती शासकीय भूमि पर कब्जा करने का चल रहा खेल

अंबिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से लगे बेसकीमती जमीन अमगसी से लेकर सिंगीटाना के मध्य शासकीय भूमि पर स्थानीय पटवारी तथा राजस्व अधिकारियो की मिली भगत से शासकीय भूमि पर कब्जा दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की अवैध उगाही की जा रही है और बेजा कब्जा हटाने के बजाय कब्जा दिलाने में सक्रीय भूमिका निभाई जा रही है जिसमें मुख्य रूप से ग्राम हसडाड़ के पास पुरानी नेशनल हाईवे सड़क में कालम युक्त घर निर्माण किया जा रहा है वहीं सिगिटाना के मध्य तीन चार स्थानों में सड़क के किनारे पक्के मकान या दुकान बनाकर कब्जा भी दिलाया जा रहा है लाखों रुपए लेकर शासकीय भूमि में कब्जा दिलाने का परंपरा बनते जा रहा हैऔर लखनपुर शासकीय भूमी पर कब्जा हटाने के बजाय कब्जा दिलाने का तहसील में खेल चल रहा है।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित प्रतिबंधतम कार्यवाहियों (151, 107-16) के जमानत के नाम पर संबधित बाबुओ के मध्यम से खुलेआम हजारों रुपए की वसुली

लखनपुर तहसील कार्यालय के अधिकारियों के नदारत रहने से पक्षकार परेशान रहते हैं। लखनपुर तहसील कार्यालय का चक्कर काटते पक्षकार एवं पक्षकार एवं आम ग्रामीण जिनके द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए महीना दो महीना सभी अधिक चक्कर लगातार काटा जाता रहा है लेकिन उनसे भी मोटी रकम की मांग संबंधित बाबू के द्वारा खुलेआम किया जाता है तथा राजस्व सहित जन्म मृत्यु सहित अन्य प्रकरणों में बिना लाइसेंस धारी दलाल वहां पर वैधानिक रूप से अधिकारियों के साथ गांठ कर उन्हें शरण दिया जा रहा है और मोटी रकम कमीशन बतौर लिया जा रहा है। वहीं तहसील कार्यालय में संबंधित बाबू के द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई (धारा 151,107-16)के जमानत को लेकर हजारों रुपए की चढ़ोत्तरी अनावेदक पक्षो के द्वारा चढ़ाए जाने के बाद ही जमानत दिया जा रहा है वहीं तहसील कार्यालय में दलालो कि भूमिका भी सक्रिय है।

वही ग्रामीण तथा भूमि संबंधित पक्षकार किसी भी मामले को लेकर आता है जिसे कई बार तो तहसील कार्यालय में तहसील अधिकारी नहीं मिलते जिसके कारण कई बार उन्हें बैरंग ही घर वापस लौटना पड़ता है तथा अन्य राजस्व से संबंधित कार्यों को लेकर कार्य के लिए सालों साल चक्कर काटना पड़ रहा है यह स्थिति अभी वर्तमान में एक वर्षो से देखी जा रही है जिसकी सुधार के लिए क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि लखनपुर तहसील में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति की जाए जिससे व्यवस्था में सुधार हो सके। और तहसील न्यायालय से जन्म मृत्यु निवास आय जाति सहित जमीन संबंधित प्रकरणों का जल्द निराकरण हो सके।

***नेशनल हाईवे पुराने डामरीकरण सड़क में कब्ज़ा कर मकान बनाए जाने के संबंध में पूछने पर एसडीएम बी आर खांडे से पूछे जाने पर उनके द्वारा मामले को गंभीरता से ना लेते हुए पत्रकार को ही शिकायत करने की नसीहत दी गई और जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।***

**एसडीएम**
**बी आर खांडे**

इस संबंध में लखनपुर तहसीलदार नीरज कौशिक से चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया कि मौका जांच कर कब्ज़ा पाए जाने पर मकान तोड़ते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी।

तहसीलदार
नीरज कौशिक

## शादी का सांझा देकर नाबालिग लडक़ी से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार



– संवाददाता –
अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।

शादी का झांसा देकर नाबालिग लडक़ी को भगाकर ले जाने व उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने के मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पीड़िता ने 23 मई को लुण्ड्रा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह पुलिस को बताया कि ग्राम ससौली छिरोपारा निवासी लक्ष्मीकांत मरावी से जानपहचान थी। 14 फरवारी को लक्ष्मीकांत पीड़िता को शादी करने की बात कह कर उसे बहला फुसलाकर घर से भाग कर ले गया था। इस दौरान उसके साथ बलात्कार की घटना को भी अंजाम दिया था। 14 मई तक वह पीड़िता को साथ रखा था। इसके बाद वह शादी करने से इंकार कर दिया था। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मीकान्त मरावी उम्र 19 वर्ष निवासी ससौली छिरोपारा थाना लुन्ड्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366 (क) 376 (2) (ढ), 313 पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा उप निरीक्षक सम्पत पोटाई,जितेंद्र कुमार,मानिक राम, सत्यनरायण पाल,आरक्षक हेमंत लकड़ा,वीरेंद्र खलखो सैनिक फुलेश्वर प्रजापति शामिल रहे।

## बन्दरकोट गुफा को धार्मिक रूप से विकसित करने की मांग

– संवाददाता –
अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत बड़ा दमली के ग्रीमणों ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बन्दरकोट गुफा को धार्मिक रूप से विकसित एवं संरक्षित किए जाने की मांग की है।



इसके साथ ही मूलभूत सुविधाओं को दूर करने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में स्थित बन्दरकोट गुफा स्थानीय मान्यताओं और जनश्रुतियों में सुग्रीव की गुफा के नाम से प्रसिद्ध है। यह गुफा छत्तीसगढ़ राम वन गमन पथ के तट पर स्थित है। बाल्मीकि रामायण और तुलसीदास के रामचरितमानस में वर्णित पंपापुर ग्राम व पंपापुर सरोवर का उल्लेख भी है। जो इस गुफा से कुछ हो दूरी पर स्थित है। इसके साथ ही गुफा से कुछ दूरी पर स्थित मैनपाट सरभंजा ग्राम भी है जिसका रामचरितमानस रामायण में उल्लेखित सारभंग ऋषि की तपोस्थली है। इसके साथ ही गुफा से थोड़ी दूर ही मतरिंगा की पहाड़ी है जो रेण नदी का उद्गम स्थल है। इस नदी को सरगुजा वास भगवान राम के समकालीन भगवान परशुराम के माता के रूप में अपने श्रद्धा व्यक्त करते हैं। जिसे विकसित व संरक्षित करने की मांग कर दर्जनों स्थानीय ग्रामीणों ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

## निवेश करने के लिए दिए गए रुपए को खर्च कर दिया निजी कार्य में, अमानत में खयानत का मामला दर्ज

– संवाददाता –
अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।

बम डिस्पोजल स्क्वायड प्रभारी अंबकापुर से 6 लाख रुपए धोखधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। इन्होंने अपने परिचित को 6 लाख रुपए शेयर बाजार में लगाने के लिए वर्ष 2021 में दिए थे। पर उक्त व्यक्ति द्वारा शेयर बाजार में रुपए लगाने के बजाए अपने निजी कार्य में खर्च कर दिया। इसके बाद रुपए देने में टाल मटोल करने लगा। बम डिस्पोजल स्क्वायड प्रभारी ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा 406 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार राजीव सिंह दुर्ग जिले के उरला रोड साईनगर थाना मोहन नगर का रहने वाला है। वर्तमान में एपीसी व बम स्क्वाड प्रभारी के पद पर रक्षित केन्द्र अंबिकापुर पदस्थ हैं। उन्होंने बताया है कि गोविंद राज नायडु निवासी दुर्ग के माध्यम से उनके भतीजे टी जयंत नायडु निवासी दुर्ग से परिचय हुआ था,जो शेयर मार्केट व म्यूचुअल फंड का काम करता था, उसने शेयर बाजार में रुपये निवेश करने के लिए कहा। उसके कहने पर वे 16 जुलाई 2021 को एनईएफटी के जरिए छह लाख रुपये टी जयंत नायडु के एचडीएफसी बैंक के खाता में जमा किए थे। कुछ दिन बीतने के बाद जब उन्होंने निवेश किए गए रुपये के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर टालते रहा। करीब दो माह बाद एक लाख रुपये उसने खाते में वापस किया। शेष पांच लाख रुपये आज दिनांक तक वापस नहीं किया है। उन्होंने बताया है कि शेयर बाजार में निवेश के नाम पर रूपये लेकर स्वयं के निजी कार्य में उपयोग करने के बाद टी. जयंत नायडू द्वारा रुपये देने से इन्कार किया जा रहा है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 406 का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## लू से राहत पर उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल



– संवाददाता –
अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।

उत्तर-पश्चिम से आ रही गर्म हवा व बंगाल की खाड़ी की ओर से नम हवा के कारण सरगुजा संभाग में चिपचिपी गर्मी पड़ रही है। इससे लोगों का हाल बेहताल है। लोगों को उमस भरी गर्मी से रात में भी राहत नहीं है। शनिवार को चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग का मानना है कि चक्रवात का असर उत्तरी छत्तीसगढ़ में नहीं पड़ेगी। केवल चिपचिपी गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। वहीं मई महीने के अंत में सूखी गर्मी पड़ सकती है।

बैशाखा का महीना पूरी तरह खत्म हो चुका है। आज से जेष्ट का महीना भी शुरू हो चुका है। लेकिन सरगुजा में इस वर्ष अब तक लू की स्थिति नहीं बनी है। केवल एक दिन 41 डिग्री पारा चढ़ा था। इसके अलावा अब तक मात्र 40 डिग्री से नीचे ही तापमान देखी जा रही है। वहीं मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बने आवदाब का असर सरगुजा संभाग में देखा जा रहा है। आवदाब के कारण आसमान में बादल छाए हुए है। वहीं उत्तर-पश्चिम से आ रही गर्म हवा के कारण सरगुजा संभाग में चिपचिपी गर्मी पड़ रही है। चिपचिपी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। पंखा, कूलर व एसी में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में शनिवार को एक चक्रवार सक्रिय हो रहा है। इस कारण चिपचिपी गर्मी से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। संभवतः 27 मई के बाद सूखी गर्मी पड़ सकती है। नवतपा 25 मई से शुरू होने वाला है। इस दौरान लू की स्थिति बनती है पर इस वर्ष नवतपा तपने की स्थिति में नहीं है। बार-बार बादलों की सक्रियता के कारण अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहने की संभावना है।

## 115 नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### गांधीनगर पुलिस की कार्रवाई

– संवाददाता –
अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।

गांधीनगर पुलिस ने गुरुवार को नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी बाइक में नशीले इंजेक्शन रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जब्त 115 नग नशीले इंजेक्शन की कमीत 57 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना प्रभारी अश्वनी सिंह को गुरुवार को मुखबिर से जानकारी मिली की थाना क्षेत्र के राजमोहनी देवी भवन के बगल गली में बाइक में दो युवक नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बाइक क्रमांक सीजी 30 बी 9001 को रोकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान झोला में रखे 115 नग नशले इंजेक्शन पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी मोहित शर्मा उर्फ मोहित भारद्वाज (26) निवासी रायपारा साईं मंदिर रोड़ सुभाषनगर थाना गांधीनगर,माशुक खान (23) निवासी बरडीह मस्जिद के बगल में थाना लुन्ड्रा हाल मुकाम गोधनपुर थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। जब्त नशीले इंजेक्शन की कीमत 57 हजार रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपी बाइक में नशीले इंजेक्शन रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। ये दोनों आरोपी नशे के अवैध करोबार काफी दिनों से कर रहे थे। यह झारखंड के गढ़वा से खरीदकर लाते थे और यहां महंगे दामों में बेचने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में मुख्य रूप से उप निरीक्षक अश्वनी दीवान,आरक्षक अनिल परिहार, ऋषभ सिंह,देवेंद्र पाठक शामिल रहे।

## सिग्नल पर खड़े ट्रक के नीचे कूदकर अधेड़ ने दी जान

– संवाददाता –

**अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।** शहर के गांधी चौक स्थित ट्रैफिक सिग्नल के पास एक अधेड़ ने ट्रक के नीचे कूदकर अपनी जान दे दी। दरअसल व्यक्ति एसपी बंगला के सामने डिवाइडर पर खड़ा था, जैसे ही ट्रक आगे बढ़ा, अधेड़ ट्रक के पिछले पहिए के नीचे कूद गया। इससे कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। इधर मृतक के पुत्र ने बताया कि पापा कुछ दिनों से डिप्रेशन में थे।



गांधी चौक स्थित ट्रैफिक सिग्नल के पास ट्रक,कार समेत अन्य गाडियां रेड सिग्नल देख कर खड़ी थीं। जबकि एसपी बंगला के सामने डिवाइडर पर रामानुजगंज निवासी 52 वर्षीय संजीत गुप्ता खड़ा था। वह मिशन चौक अपने बेटी दामाद के घर आया था। जो दोपहर करीब 3.30 बजे गांधी चौक स्थित सिग्नल ग्रीन होते ही सभी गाडियां आगे बढने् लगीं, इसी दौरान उसने वहां से गुजर रहे ट्रक के पिछले पहिए के नीचे छलांग लगा दी। इससे वह ट्रक के नीचे कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक के पीछे खड़े कार सवार व्यक्तियों ने उसे पहिए के नीचे कूदते देख लिया था, इस वजह से यह आशंका जताई जा रही है कि उसने आत्महत्या करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया होगा। घटना की सूचना मिलते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। मृतक के पुत्र ने बताया कि पापा कुछ दिन से डिप्रेशन में थे, पूछने के बाद भी वे कुछ नहीं बता रहे थे। पिता की मौत से दुखी बेटा बार-बार बेसुध हो जा रहा था, वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं था।



## छग की टीम ने जीता आल इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशीप का खिताब

– संवाददाता –

**अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।** स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया की तरफ से गोवा में आल इंडिया ओपन नेशनल चैंपियन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छग की टीम ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। दरअसल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स टूरिज्म द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में आठवीं स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन गोवा के कंडोलिम मैदान में 20 से 22 मई तक आयोजित किया गया था। जिसमें देश की 10 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में छग की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। खास बात ये रही कि छग के टीम में 14 साल के खिलाड़ी के साथ 52 साल के खिलड़ी भी शामिल थे। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में छग का मुकाबला तमिलनाडु से हुआ। जिसमें छग की टीम ने 2-1 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। छग की टीम की तरफ से फाइनल मुकाबले में घनश्याम और किशोर ने 1-1 गोल कर छग को जीत दिलाई। छग की इस टीम में 52 साल के मुन्द्रिका सोनी ने भी शिरकत करते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। छग की टीम की तरफ से मुन्द्रिका सोनी, जितेन्द्र सोनी, मार्क रोबिस्ट तिर्की, नीलेश राजवाड़े, अदिराज सिंह, योगेश पन्ना, कुंवर साय, चंद्रदीप पैंकरा, घनश्याम राजवाड़े, संस्कार शर्मा,अमन कुमार टोप्पो,कोच किशोर प्रकाश तिर्की व राज कमल शामिल थे।

# भारत में नई परमाणु ऊर्जा इकाई की स्थापना के लिए तैयार रूस...जल्द होगा नई साइट का खुलासा

**नई दिल्ली, 24 मई 2024।** रूस ने कहा कि वह परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के विस्तार के लिए तैयार है। इसमें भारत में एक नई जगह पर उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों का निर्माण भी शामिल है।

बृहस्पतिवार को परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव अजीत कुमार मोहंती ने रूस के रोसाटॉम राज्य परमाणु ऊर्जा निगम के महानिदेशक एलेक्सी लिकचेव से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई। रोसाटॉम में दोनों पक्षों के अधिकारियों ने रूस में टॉम्स्क क्षेत्र के सेवरस्क में बनाए जा रहे पायलट डिमॉन्स्ट्रेशन एनर्जी कॉम्प्लेक्स (पीडीईसी) का दौरा किया।



लिकचेव ने बताया कि संयुक्त यात्रा के दौरान परमाणु क्षेत्र में रूसी-भारत सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के विस्तार के लिए तैयार रूस हैं।

इसके तहत सबसे पहले भारत में एक नई साइट पर रूसी-डिज़ाइन की उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों का क्रमिक निर्माण किया जाएगा। इसके बाद भूमि-आधारित और अस्थायी कम-बिजली उत्पादन परियोजनाओं का कार्यान्वयन, परमाणु ईंधन चक्र क्षेत्र में सहयोग और परमाणु प्रौद्योगिकियों के गैर-ऊर्जा अनुप्रयोगों के क्षेत्र में सहयोग भी शामिल है।

हालांकि रोसाटॉम ने यह नहीं बताया कि भारत में नई साइट पर किस प्रकार के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर बनाए जाएंगे। पिछले हफ्ते, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत रूसी परमाणु रिएक्टरों के लिए अतिरिक्त साइटों की तलाश कर रहा है। रूस और भारत कुडनकुलम (तमिलनाडु में) में 1,000 मेगावाट के छह परमाणु रिएक्टर बनाने में सहयोग कर रहे हैं। जिनमें से दो चालू हो चुके हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि एलेक्सी लिकचेव और अजीत कुमार मोहंती ने दक्षिणी भारत में रूसी डिजाइन के तैयार हो रही संयुक्त कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना की प्रगति पर भी चर्चा की। इसमें हल्के पानी के रिएक्टरों से बनाई छह बिजली इकाइयां शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 1,000 मेगावाट है।

# सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार, इस तारीख को होगी लॉन्चिंग

**वॉशिंगटन,24 मई 2024।** भारतीय मूल की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में जाएंगी। बोइंग के स्टारलाइनर की लॉन्चिंग 1 जून से 5 जून के बीच हो सकती है। पहले ये अंतरिक्षयान इस महीने की शुरुआत में लॉन्च होने वाला था, लेकिन तकनीकी खराबी की वजह से यह लॉन्चिंग टल गई थी।



सुनीता विलियम्स 41 साल की उम्र में पहली बार साल 2006 में नासा के एक्सपेडिशन-14 के तहत अंतरिक्ष में गईं थी, वहां उन्होंने चार बार स्पेस वॉक भी किया। इसके बाद वे 2012 में नासा के ही एक्सपेडिशन-33 मिशन के तहत दूसरी बार अंतरिक्ष में गईं। इस बार सुनीता विलियम्स निजी कंपनी बोइंग के स्टारलाइनर एयरक्राफ्ट से अंतरिक्ष जा रही हैं। सुनीता अंतरिक्ष में कुल 322 दिन गुजार चुकी हैं।

### तकनीकी खामी की वजह से इस महीने की शुरुआत में टल गई थी लॉन्चिंग

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक बयान में कहा है नासा,बोइंग और यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के मिशन मैनेजर्स बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान की लॉन्चिंग की समीक्षा कर रहे हैं। यह बोइंग क्रू टेस्ट फ्लाइट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेगी। स्पेसक्राफ्ट की लॉन्चिंग 1 जून से छह जून के बीच हो सकती है। बीते दिनों बोइंग के स्टारलाइन अंतरिक्षयान के प्रोपल्शन सिस्टम में खामी का पता चला था। दरअसल अंतरिक्षयान में हीलियम गैस लीक हो रही थी। नासा ने बताया कि जो खामी का पता चला था, उसे ठीक करने की कोशिश की जा रही है।

### सुनीता विलियम्स के साथ बुच विल्मोर भी जाएंगे अंतरिक्ष

बोइंग के अंतरिक्षयान में सुनीता विलियम्स के साथ बुच विल्मोर भी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाएंगे। गौरतलब है कि एलन मस्क की स्पेसएक्स के बाद बोइंग दूसरी निजी कंपनी है, जो अंतरिक्ष में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक क्रू को लेकर जाने और वापस लाने में सक्षम होगी। स्पेसएक्स और बोइंग ने अपने-अपने अंतरिक्षयान नासा के साथ मिलकर कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के तहत बनाए हैं।

साल 2019 में बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान को बिना क्रू के स्पेस में भेजा गया था, लेकिन वह मिशन असफल रहा। इसके बाद साल 2022 में दूसरे प्रयास में बोइंग को सफलता मिली, उसी ने अब तीसरी बार क्रू समेत टेस्ट ड्राइव का रास्ता खोल दिया है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर टेस्ट पायलट के तौर पर अंतरिक्षयान में जा रहे हैं।

# पूर्व पीएम के भाई पर मानहानि मामले में लगा जुर्माना,भारतीय मूल के मंत्रियों पर लगाए थे आरोप

**सिंगापुर,24 मई 2024।** सिंगापुर हाईकोर्ट ने मानहानि के एक मामले में पूर्व पीएम ली सेन लुंग के भाई ली सेन यांग को भारतीय मूल के मंत्रियों को हर्जाने का भुगतान करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने यांग को दोनों मंत्रियों को प्रत्येक को दो लाख सिंगापुर डॉलर देने का आदेश सुनाया है। दरअसल यांग ने सिंगापुर के सरकारी आवास के किराए को लेकर भारतीय मूल के दोनों मंत्रियों के षणमुगम और विवियन बालकृष्णन पर आरोप लगाए थे, जिसके खिलाफ दोनों मंत्रियों ने मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था।

### ली सेन यांग ने लगाए थे ये आरोप



ली सेन यांग ने बीते साल 23 जुलाई को अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में यांग ने दावा किया कि रिडआउट रोड पर स्थित सरकारी आवासों के आवंटन में सिंगापुर लैंड अथॉरिटी ने भ्रष्टाचार हुआ और मंत्रियों के षणमुगम और विवियन बालकृष्णन को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी बंगले आवंटित किए गए। षणमुगम, जो कानून और गृह मामलों के मंत्री हैं, और विदेश मामलों के मंत्री बालाकृष्णन का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील दविंदर सिंह ने किया था और इस महीने की शुरुआत में एक सुनवाई में संक्षेप में अपना पक्ष रखा था। यांग ने अपने भाई और पूर्व पीएम ली सेन लुंग की सरकार पर भी आरोप लगाए और दावा किया कि सरकार नेतृत्व देने में विफल रही है।

# वैश्विक सुरक्षा और विकास में अफ्रीका की भूमिका मजबूत करना चाहता है भारत, यूएन में बोलीं रुचिरा कंबोज

**नई दिल्ली, 24 मई 2024।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने वैश्विक सुरक्षा और विकास चुनौतियों का समाधान करने में अफ्रीको राज्यों की भूमिका को मजबूत करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की बात की।



अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का रखरखाव पर बात करते हुए उन्होंने भारत और अफ्रीका के बीच ऐतिहासिक संबंधो और साझा एकजुटता में निहित दीर्घकालिक मित्रता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि वैश्विक व्यवस्था में सच्ची बहुध्रुवीयता के लिए अफ्रीका का उदय आवश्यक है। उन्होंने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय तरह से अफ्रीका की प्राथमिकताओं का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकास के बिना कोई शांति नहीं हो सकती।

इस दौरान रुचिरा कंबोज ने वैश्विव सुरक्षा और विकास में अफ्रीका की भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए भारत के समर्पण की भी पुष्टि की। राष्ट्रों की समिति से अफ्रीकी सदस्य राज्यों को उचित सम्मान देने और शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए उनके प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया।

रुचिरा कंबोज ने अफ्रीकी देशो को स्थायी प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी क्षेत्र में आंतकवाद से निपटने की तत्काल आवश्यकता है।

# इमरान खान के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर, भड़के पार्टी अध्यक्ष,बोले-गरिमा को किया अपवित्र

**नई दिल्ली,24 मई 2024।** कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद पार्टी के अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध इमरान खान पार्टी ने शुरू किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार राजनीतिक पार्टी कार्यालय के गरिमा का उल्लंघन कर रही है।

बृहस्पतिवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए सीडीए की अतिक्रमण विरोधी टीम ने अभियान चलाया। पीटीआई के मुख्यालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के साथ अतिक्रमण विरोधी टीम ने पीटीआई मुख्यालय को सील कर दिया।



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने मौजूदा सरकार को खूब खरी-खोटी सुनाई। बता दें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी जेल में हैं। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली ने कहा कि सीडीए के पास इस ऑपरेशन का कोई परमिट नहीं था। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कोई नोटिस तक नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि सरकार ने संसद के बाद सबसे प्रतिष्ठित परिसर होने के बावजूद एक राजनीतिक पार्टी कार्यालय की पवित्रता और नियमों का उल्लंघन किया है।

पीटीआई अध्यक्ष ने दावा किया कि कोई अवैध निर्माण परिसर में नहीं था। लेकिन मान लेते हैं कि कोई अवैध निर्माण था, लेकिन सीडीए को ऑपरेशन से पहले सूचना भेजनी चाहिए।

# घड़ी चौक पर भाजपाईयों ने ममता बनर्जी का पुतला जलाया

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल में ममता सरकार द्वारा लागू किए गए आरक्षण को रद्द कर दिया है जिसके बाद ममता सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सरगुजा द्वारा स्थानीय घड़ी चौक पर ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया ।




भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के मार्गदर्शन तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व मे भाजपाईयों ने ममता बनर्जी के खिलाफ नारे लगाये और पुतले को आग के हवाले कर दिया ।

विरोध और पुतला दहन विषय पर जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि

कोलकाता उच्च न्यायालय नें पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार द्वारा मुसलमानों को दिए गए पिछड़ा वर्ग आरक्षण को रद्द कर दिया है,इस आरक्षण में सन 2010 से ओबीसी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया था, जिसके तहत बांग्लादेशी घुसपैठी मुसलमानों को इस आरक्षण का लाभ मिल रहा था। और माननीय न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी ने माननीय उच्च न्यायालय के इस निर्णय का विरोध करते हुए बयान दिया है कि हम इस निर्णय को नहीं मानेंगे और नहीं लागू करेंगे, ममता बनर्जी का यह बयान घोर निंदनीय, संविधान विरोधी और असंगत है।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि न्यायालय के फैसले का हम स्वागत करते हैं,आदेश की अवमानना करते हुए ममता बनर्जी ने खुले आम असंवैधानिक एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है,और हम,तानाशाह कुशासक ममता बनर्जी के बयान का घोर निन्दा करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर अनिल सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, विनोद हर्ष,अम्बिकेश केशरी, विधानन्द मिश्रा, अभिषेक शर्मा, आलोक दुबे, उमेश अग्रवाल, जितेन्द्र सोनी, कैलाश मिश्रा, विजय व्यापारी, संजीव सेठ,अमित गुप्ता,संदीप ताम्रकार, संजय जायसवाल नगर अध्यक्ष, ओपी अजय सोनी,रिंकू वर्मा,संजय जायसवाल,रवि सोनी,अशोक सोनी, छोटू थामस, बलवीर सिंह छाबड़ा, प्रयाग साहू, अमन गुप्ता, वीर विक्रम सिंह बाबरा, कमलेश तिवारी, विरेन्द्र बघेल, कृष्णा तिवारी, सागर गुप्ता, विशाल गुप्ता सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।.

# डाला में खड़ी ट्रक से टकराई स्कार्पियो, एक की मौत,3 गंभीर घायल

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर-रामानुजगंज, 24 मई 2024 (घटती-घटना)।**

रामानुजगंज नगर के स्टेट बैंक रोड निवासी राजेश राहगीर 55 वर्ष अपनी पत्नी,पुत्र दामाद एवं दामाद के भाई के साथ स्कॉर्पियो से बनारस जा रहे थे,इसी दौरान डाला के समीप खड़ी ट्रक से स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई जिससे राजेश राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं स्कॉर्पियो में सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए राजेश की पत्नी एवं बेटे का इलाज राबर्ट्सगंज में चल रहा है। साथ ही अन्य घायल को बनारस रेफर किया गया।



जानकारी अनुसार राजेश राहगीर दो दिन पूर्व उत्तरप्रदेश के दुद्धी के समीप अपनी बेटी के यहां गए थे। जहां से वह अपनी पत्नी यशोदा देवी, पुत्र सोनू राहगीर 29 वर्ष, दामाद एवं दामाद के भाई के साथ आज सुबह बनारस इलाज करने जा रहे थे। सुबह 5 बजे के करीब उत्तरप्रदेश के डाला के समीप खड़ी ट्रक से स्कॉर्पियो की जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में राजेश राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पत्नी यशोदा देवी के हाथों में गंभीर चोट लगी है व बेटे के सिर में चोट लगने की वजह से दोनों को राबर्ट्सगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ में जा रहे वाहन सवार दामाद के गंभीर चोट को देखते हुए उन्हें बनारस के लिए रिफर कर दिया गयाथ

# हाई कोर्ट ने ओबीसी प्रमाण-पत्रों को रद्द करके ममता बनर्जी की तुष्टिकरण वाली राजनीति पर ताला लगा दिया है : अखिलेश सोनी




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।**

कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाण पत्रों को रद्द करने के संदर्भ में भाजपा जिला कार्यालय अंबिकापुर में प्रेसवार्ता किया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, सह कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा की उपस्थिति में प्रेस को संबोधित किया।

अखिलेश सोनी ने विगत के दो बड़ी बातों का जिक्र करते हुए कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2010 के बाद से पश्चिम बंगाला में जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाण पत्रों को रद्द करते हुए ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति पर एक बहुत बड़ा ताला लगा दिया है, तो वहीं दूसरी ओर राहुल गाँधी ने कांग्रेस की पोल खोलते हुए स्वीकार कर लिया है कि कांग्रेस ने आजादी से लेकर 70 सालों तक देश के गरीब,दलित,पिछड़े, आदिवासी एवं महिलाओं के साथ अन्याय किया। इंडी गठबंधन के सभी घटक दल इसी मानसिकता पर काम कर रहे है और वे दलित, ओबीसी और आदिवासियों का हक़ छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। जब तक भाजपा है,वह दलित,ओबीसी और आदिवासियों के अधिकारों पर किसी को भी डाका नहीं डालने देगी। प्रेसवार्ता के दौरान संजय सोनी, रामप्रवेश पांडे, रविशंकर जायसवाल, मयंक जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिले में बनेगा सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय और नवीन मानसिक चिकित्सालय, कलेक्टर सरगुजा ने की भूमि आबंटित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मई 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में शासन की मंशानुरूप सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय और नवीन मानसिक चिकित्सालय भवन का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर सरगुजा श्री विलास भोसकर द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि आबंटित कर दी गई है।




राज्य शासन के द्वारा सभी संभागों में एम्स के तर्ज पर सिम्स का निर्माण किया जाना है। इसी क्रम में राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के अधिष्ठाता के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर सरगुजा द्वारा तहसील अम्बिकापुर ग्राम मेण्ड्राकला स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1057 रकबा 26.350 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 8.094 हेक्टेयर भूमि आबंटित कर दी गई है। उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय की स्थापना हेतु इसका अग्रिम आधिपत्य राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के अधिष्ठाता को तत्काल प्रभाव से इस शर्त पर प्रदान की गई है कि उपरोक्त भूमि का उपयोग केवल आवेदित प्रयोजन के लिये ही किया जाए।

### 2.023 हेक्टेयर शासकीय भूमि नवीन मानसिक चिकित्सालय हेतु आबंटित

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्य शासन के वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में प्रावधान अनुसार सरगुजा जिला में नवीन मानसिक चिकित्सालय के लिए भवन निर्माण कार्य हेतु चिन्हांकित कर उपलब्ध कराने की मांग की गई थी।जिसपर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर सरगुजा द्वारा तहसील अम्बिकापुर के ग्राम मेण्ड्राकला स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1057 रकबा 26.350 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि को नवीन मानसिक चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु इसका अग्रिम आधिपत्य संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ को तत्काल प्रभाव से प्रदान किया गया है।

# किस विधायक मंत्री का रिश्तेदार है अनिल राजवाड़े जिसके द्वारा एक व्यक्ति को पत्थर से मारकर किया गया है लहू लुहान?


घायल व्यक्ति

## क्या प्रभावशील लोगों की कठपुतली बना हुआ है जिले की कानून व्यवस्था?

### घायल व्यक्ति को चोट से जान का भी खतरा...वहीं आरोपी को संरक्षण देकर गंभीर धाराओं से भी बचाया गया और गिरफ्तारी से भी बचाया जा रहा है?

### गंभीर रूप से व्यक्ति हुआ घायल इस के बावजूद भी पुलिस ने गंभीर धारा क्यों नहीं लगाया अनिल राजवाड़े के विरुद्ध यह है बड़ा सवाल?


### आखिर आरोपी कितनी पहुंच वाला है की मेडिकल रिपोर्ट भी घायल का बनाने से कतरा रहे थे डॉक्टर?

### बैकुंठपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर कलावती ने मेडिकल करने से किया मना,घायल के परिजनों का है आरोप

### अंबिकापुर पहुंचा घायल लेकिन वहां भी डॉक्टर नहीं कर रहे थे मेडिकल...फिर शिकायत के बाद अंबिकापुर सीएमएचओ ने करवाया मेडिकल पीड़ित के परिजनों का यह भी है आरोप

### घायल पीड़ित की स्थिति खराब फिर भी अंबिकापुर से अन्य अस्पताल रेफर करने के बजाय पीड़ित पर समझौता का बना रहे डॉक्टर दबाव


आरोपी ने इस पत्थर मार कर से व्यक्ति को किया लहू लुहान



-रवि सिंह-
कोरिया,24 मई 2024
(घटती-घटना)।

क्या वर्तमान सरकार में भी अपराधियों को संरक्षण मिलेगा ऐसे सवाल इसलिए फिर उठ खड़े हुए हैं क्योंकि एक मामला बैकुंठपुर विधानसभा से सामने आया है वह भी स्थानीय विधायक के गृह ग्राम से...यहां पर अनिल राजवाड़े नाम के व्यक्ति ने एक ढाबा संचालक के ऊपर पत्थर से हमला कर दिया है जिसमें ढाबा संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, उसे 17 टांके लगे हैं सिर में और खून से वह लहूलुहान हो गया,पर जहां अनिल राजवाड़े जिसके ऊपर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप है, जहां उसके ऊपर गंभीर धाराएं लगनी चाहिए थीं वहां पर धारा तो छोड़ उसकी गिरफ्तारी तक पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है, आखिर अनिल राजवाड़े कितना पहुंच वाला आदमी है यह इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है, वैसे अनिल राजवाड़े एक विधायक को अपना रिश्तेदार बता रहे हैं क्या इसी प्रभाव में उनके ऊपर जहां जान से मारने का प्रयास के अंतर्गत की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध होना था वह नहीं हो पाया? क्या सही में वर्तमान सरकार में अनिल राजवाड़े किसी स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार हैं जिस वजह से पीड़ित को न्याय दिलाने की बजाए आरोपी को बचाने का प्रयास हो रहा है?

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के चरचा पुलिस थाना से महज 3 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राज्यमार्ग 43 पर जिला संयुक्त कार्यालय के बिल्कुल समीप आमने सामने दो ढाबा संचालित हैं और जिनमे से एक ढाबे में उसके संचालक के साथ गाड़ी खड़ा करने को लेकर अनिल राजवाड़े नामक युवक एवं उसके साथियों के साथ एक ढाबा संचालक का विवाद हुआ, जिसके बाद अनिल राजवाड़े ने ढाबा संचालक के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया और बड़े से पत्थर से ढाबा संचालक का सिर फोड़ दिया वहीं जब ढाबा संचालक और उसके परिजन मामले की शिकायत लेकर पुलिस थाने पहुंचे तब पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया और जहां आरोपी अनिल राजवाड़े पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करना था पुलिस ने मामले को आम और छोटा मामला ही बनाने का प्रयास किया वहीं मामूली मारपीट की धाराएं ही स्थानीय चरचा पुलिस ने आरोपी पर लगाए। वैसे मामले में जब घायल गंभीर रूप से घायल ढाबा संचालक को लेकर उसके परिजन जिला चिकित्सालय पहुंचे और डॉक्टरी मुलाहिजा की बात कही तो जिला चिकित्सालय में पदस्थ और उस समय उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर कलावती पटेल ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का डॉक्टरी मुलाहिजा करने से भी मना कर दिया और घायल का बाद में अंबिकापुर में जाकर डॉक्टरी मुलाहिजा संभव हो सका और वह भी तब जब घायल के परिजनों द्वारा पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज को लिखित आवेदन दिया गया और मामले में कार्यवाही की मांग की गई।

### खुले आम राष्ट्रीय राज्यमार्ग के ढाबों में शराब परोसी जा रही है और शराब पीकर ही विवाद भी हो रहे हैं...

वैसे मामला 12 मई का है और घटना को घटे लंबा समय भी बीत चुका है वहीं घटना के संबंध में पीड़ित ढाबा संचालक के परिजनों द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी प्रदान की गई है जो एक बड़ा साक्ष्य है पुलिस के पास बावजूद इसके चरचा पुलिस केवल इसलिए पीड़ित को न्याय नहीं दिला पा रही है क्योंकि मामला निर्वाचित सत्ताधारी जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार से जुड़ा हुआ है। वैसे मामला जो सबसे बड़ा है वह यह है की खुलेआम राष्ट्रीय राज्यमार्ग के ढाबों में शराब परोसी जा रही है और शराब पीकर ही विवाद भी हो रहे हैं और ढाबा संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने से पुलिस बच रही है। वैसे इस मामले में जो ढाबा संचालक गंभीर रूप से घायल है उसके परिजनों का आरोप है की केवल वाहन खड़ा करने से मना करने पर उसके समाने वाले ढाबा संचालक ने यह विवाद बढ़ाया और अपने ढाबा में बैठे युवकों को उकसाया जो नशे में थे और जिसके बाद युवकों ने ढाबा संचालक की पिटाई की और उसके ऊपर जानलेवा हमला किया। यह ढाबा संचालकों की आपसी प्रतिस्पर्धा भी मानी जा सकती है जिसकी वजह से यह घटना घटी।

### क्या इतना प्रभावशील है अनिल राजवाड़े जिस वजह से डॉक्टर भी मुलाहिजा करने से बच रहे थे?

ढाबा संचालक पर जानलेवा हमला करने वाला अनिल राजवाड़े कौन है क्या वह इतना प्रभावशील है की डॉक्टर भी उससे भयभीत थे यह एक सवाल खड़ा हो रहा है मामले में। पीड़ित ढाबा संचालक जिसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया है अनिल राजवाड़े के द्वारा के परिजनों का यह आरोप है की जब घायल अवस्था में उन्होंने ढाबा संचालक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया और डॉक्टरी मुलाहिजा की बात की तो ड्यूटी में तैनात तत्कालीन डॉक्टर कलावती पटेल के द्वारा डॉक्टरी मुलाहिजा करने से मना कर दिया गया। बताया जा रहा है की बैकुंठपुर जिला चिकित्सालय में मुलाहिजा हुआ ही नहीं। इस बात से यह भी सवाल उठता है की क्या अनिल राजवाड़े इतना बड़ा नाम है इतना प्रभावशील है की उसे बचाने के लिए डॉक्टर अपना मूल कर्तव्य भी परित्याग योग्य समझ रहे हैं। वैसे छोटे छोटे मारपीट के मामले में दिनभर मुलाहिजा लिखने वाले डॉक्टरों ने जानलेवा हमला मामले में क्यों मुलाहिजा नहीं किया यह बड़ा सवाल है? क्योंकि यदि पीड़ित ढाबा संचालक के परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य सही हैं तो यह भी कहना गलत नहीं होगा की प्रभावशील लोगों की कठपुतली बना हुआ है जिले का कानून व्यवस्था और उसके अन्य अंग।

### चोट गंभीर होने के बावजूद अंबिकापुर जिला अस्पताल पीड़ित को बाहर रेफर क्यों नहीं कर रहा है,समझौता का दबाव क्यों बना रहा है?

पीड़ित ढाबा संचालक के परिजनों की माने तो ढाबा संचालक के सिर की चोट गंभीर है और जिसका इलाज अंबिकापुर जिला अस्पताल में चल रहा है। अंबिकापुर जिला चिकित्सालय द्वारा गंभीर रूप से घायल ढाबा संचालक को अन्य उच्चतर केंद्र इलाज के लिए रेफर भी नहीं किया जा रहा है और आरोपियों से समझौते का दबाव बनाया जा रहा है यह भी पीड़ित ढाबा संचालक के परिजनों का आरोप है। वैसे समझौते के लिए कौन अस्पताल प्रबंधन पर दबाव बना रहा है और कौन घायल ढाबा संचालक के अच्छे इलाज के बीच रोड़ा बन रहा है यह भी एक बड़ा सवाल है गंभीर मसला है क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय के लिए यदि प्रभावशील होना ही महत्वपूर्ण है तो यह गंभीर हो जाता है लोकतंत्र के हिसाब से कानून व्यवस्था के हिसाब से।


घायल व्यक्ति

### गंभीर चोट होने के बावजूद 307 क्यों नहीं लगा?

पीड़ित ढाबा संचालक जो गंभीर रूप से घायल है जिसके ऊपर प्राणघातक हमला किया गया यह उसके चोट चीख चीखकर कह रहे हैं उसके बावजूद उसे घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध जान से मारने के तहत अपराध दर्ज नही किया गया। मामला साफ तौर पर धारा 307 कायम करने का था और पीड़ित खुद यह आरोप लगा रहा है उसके चोट भी गंभीर हैं तो फिर पुलिस ने क्यों नहीं धारा 307 के तहत मामला पंजीबद्ध किया? क्या पुलिस के ऊपर भी प्रभावशील होने का दबाव डाला गया जिसके कारण पुलिस ने मामूली मारपीट की घटना का मामला पंजीबद्ध किया? वैसे सीसीटीवी फुटेज साफ तौर पर दर्शा रहा है की दोष किसका है और नशे के हालात का भी वह बयान कर रहा है फिर भी चरचा पुलिस क्यों मामले को दबाने में लगी हुई है सवाल खड़ा होता है। क्या मामले में पीड़ित को न्याय पाने के लिए जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार साबित करना खुद को अनिवार्य है यह भी एक सवाल है।

### जिस ढाबा के सामने मारपीट वहां रात के अंधेरे में बैठकर पुलिस क्या कर रही थी?

आरोप पुलिस पर यह भी लग रहा है की पुलिस आरोपी को पूरी तरह बचाने में लगी हुई है। यह आरोप घायल ढाबा संचालक के परिजनों के द्वारा लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है की जिस ढाबा संचालक के साथ मारपीट हुई है उसके ठीक सामने वाले ढाबे में पुलिस रात के अंधेरे में घटना के बाद बैठी थी। अब पुलिस जिसने मामले में पूरी तरह प्रभावशील व्यक्ति के पक्ष में कार्यवाही की दिशा तय की वह उस ढाबे में रात के अंधेरे में क्या कर रही थी जिसके ऊपर भी जिस ढाबा संचालक के ऊपर भी उकसावे का आरोप घायल ढाबा संचालक के परिजन लगा रहे हैं। पुलिस क्या उक्त ढाबा में बैठकर मामले में कोई और तैयारी कर रही है मामले को प्रभावशील मारपीट सहित जानलेवा हमला करने वाले के पक्ष में करना चाह रही है यह भी सवाल उठ रहा है यदि बातों में आरोपों में सच्चाई है।

### क्या एक डॉक्टर का बेटा भी था शामिल जिस वजह से डॉक्टर ने नहीं किया मुलाहिजा?

पूरे मामले में क्या जिला चिकित्सालय में पदस्थ एक डॉक्टर का बेटा भी मारपीट जानलेवा हमले मामले में शामिल था जिस वजह से जिला चिकित्सालय की डॉक्टर ने डॉक्टरी मुलाहिजा गंभीर रूप से घायल ढाबा संचालक का नहीं किया। पीड़ित ढाबा संचालक के परिजनों का यह भी आरोप है। वैसे यदि डॉक्टर का बेटा भी मामले में शामिल था और उसके कारण ही डॉक्टर ने पीड़ित और गंभीर रूप से घायल ढाबा संचालक का मुलाहिजा नहीं किया तो यह गंभीर मामला है और चिकित्सकीय पेशे के बिलकुल विपरीत कार्य है। डॉक्टर को अपना काम करना था ईमानदारी से भले ही उसका बेटा मामले में शामिल था तब वह अपने पेशे से न्याय करता यह कहना सही होगा।

# परेड अच्छे कमांड से चलता है, कमांड पर रखे पूरा फोकस-डीआईजी

### उत्कृष्ट वेशभूषा व परेड करने वाले जवान हुए पुरस्कृत



-संवाददाता-
सूरजपुर,24 मई 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अनुशासित विभाग है और अनुशासन को बनाए रखने के लिए परेड अत्यन्त आवश्यक है, परेड टीम वर्क के साथ ही टोली लीडर के कमांड पर आधारित है, परेड को अच्छा कमांड मिलेगा तो परेड भी अच्छी और आकर्षक होगी, टोली लीडर को परेड की और बारीकियों को जानते हुए आगामी परेड में दुरूस्त प्रदर्शन करने के निर्देश शुक्रवार, 24 मई 2024 को पुलिस लाईन पर्री में आयोजित जनरल परेड में डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर. आहिरे (भा.पु.से.) ने दी।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आईजीपी सरगुजा रेंज सरगुजा का वार्षिक निरीक्षण है इस हेतु उत्कृष्ट परेड व वेशभूषा सहित अन्य कार्यवाहियों को दुरूस्त रखा जाए। सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों को परेड कमांड का और अभ्यास करने व जवानों के वेशभूषा को एकरूपता बनाने रखने के निर्देश दिए और अच्छे वेशभूषा व परेड़ करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। थाना प्रभारियों से टोलीवार स्कवार्ड ड्रिल भी करवाया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी सूरजपुर एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना-चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना-चौकी व कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी जांच के नाम पर हो रहा जान से खिलवाड़?

### ब्लड टेस्ट,यूरिन टेस्ट वाले भी कम नहीं थे जल्दी बाजी में नहीं मिल पा रहा था मरीजो को बेहतरीन रिजल्ट सभी के सभी सिर्फ और सिर्फ अपना रिकॉर्ड पूरा करने में लगे हुए थे...

### भ्रष्टाचार का अड्डा बना प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो रहे लोगों के जान के साथ में खिलवाड़ ना नेता का डर अधिकारी का डर






-सोनू कश्यप-
प्रातपपुर 24 मई 2024
(घटती-घटना)।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में गर्भवती महिलाओ का सोनोग्राफी महज़ जांच के नाम पर हो रहा है जान से खिलवाड़ । अस्पताल में सैकड़ो महिलाएं कतार में लगकर अपने बारी का इंतजार करते नजर आई वहीं कई गर्भवती महिलाएं स्वास्थ प्रबंधन पर कई गंभीर सवाल खड़ा कर दिए । सोनोग्राफी में जांच रिपोर्ट सही नहीं दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि एक सप्ताह बाद कहीं दूसरे जगह किसी प्राइवेट सस्थान में सोनोग्राफी करा लेना तो क्या सरकारी अस्पतालों में सिर्फ नाम मात्र के लिए सोनोग्राफी किया जा रहा है । सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए या सिर्फ राज्य सरकार सिर्फ़ गर्भवती महिलाओ गरीबों के साथ मजाक कर रही हैं । उनकी जान से हो रही खिलवाड़ तो क्या इन गरीब महिलाओं का सरकार की नजर में कोई अहमियत नहीं है। क्या सरकार को उनकी कोई परवाह नहीं है। अगर परवाह है तो इतना लापरवाही क्यों और स्टाफ की भारी कमी से कारण कई गर्भवती महिलाएं बाहर में कराहती नजर आई । ऐसा लग रहा है कि बाहर से कोई आदेश है इतना ही सोनोग्राफी करना इससे ज्यादा नहीं । वही रिकॉर्ड पूरा करते दिखे सोनोग्राफी करने वाले सरकार को यदि गर्भवतियों महिलाओं की इतनी ही चिंता परवाह है तो सप्ताह में रोज सोनोग्राफी क्यों नहीं किया जा रहा है और तो और अस्पताल के अंदर भी काफी अववस्था देखी गई । कई गर्भवती महिलाएं जमीन पर बैठी हुई मिली वही खून टेस्ट और ब्लड टेस्ट वाले भी कम नहीं थे वे भी सिर्फ अपना रिकॉर्ड पूरा करने में लगे थे। जांच सही आए या ना आए सिर्फ रिकॉर्ड पूरा करके दिखाना है और भेजना है। प्रतापपुर का स्वास्थ्य केंद्र का शौचालय का तो पूछे ही मत शौचालय की तो वह दुर्दशा ख़राब है कि मरीज तो मरीज मरीज के परिजन भी शौचालय में चले जाए तो मरीज बन जाना तय है। इतनी गंदगी इतनी महक कि अगर अच्छा और स्वस्थ आदमी शौचालय मे चला जाए तो तबीयत खराब होना तय है । सवाल यह खड़ा होता है कि इतनी मोटी मोटी रकम सरकार स्वास्थ्य विभाग को प्रदान कर रही है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा शौचालय की साफ सफाई एवं अस्पताल की साफ सफाई क्यों नहीं किया जाता । आखिर इसका पैसा ज्यादा कहा है यदि समय रहती है स्वास्थ्य विभाग के नज़रे नहीं खुली तो लगातार खबरों में प्रकाशित होती रहेगी। इनकी मनमर्जी अब नहीं चलने वाली बहुत हो गया गरीब महिलाओं बुजुर्गों बच्चो की जान के साथ खिलवाड़ अब नहीं होने देंगे।

इस विषय में सूरजपुर सीएमओ आर यश सिंह ने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी । साथ में जिले में एक ही रेडियोलॉजिस्ट है जो एक महीने में दो दिन ही मुक्त स्थान पर जाकर गर्भवती महिलाओं के लिए व्यवस्था देखी जा रही है। हालांकि गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो इसके लिए उचित प्रबंध करना चाहिए लापरवाही पर रखने वाले कर्मचारी एवं अधिकारी को नोटिस की जारी की जाएगी।

# बाल विवाह अपराध को रोकने के लिए प्रशासन का करें सहयोग




-संवाददाता-
सूरजपुर,24 मई 2024
(घटती-घटना)।


बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। इसकी रोकथाम के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा,तभी समाज इस बीमारी से मुक्त हो सकेगा। बाल विवाह रोकने के लिए सभी विभागों के साथ-साथ आमजन को सजगता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इसके लिए वार्ड स्तर पर टीमें गठित करनी चाहिए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 को एक नवम्बर 2007 से लागू किया गया। इसमें बाल विवाह करना या करवाना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। जो माता-पिता अपने पुत्र पुत्रियों का बाल विवाह करवाते है तो उन्हें 2 वर्ष का कारावास व 1 लाख रुपयों का दंड देने का प्रावधान है। बाल विवाह कानूनी जुर्म और अपराध है। लड़का और लड़की की सही उम्र होने के बाद ही शादी करें अगर कोई भी व्यक्ति बाल विवाह में सहयोग करते हैं या प्रोत्साहन देता है तो उसे कठोर से कठोर सजा दी जा सकती है। बाल विवाह से परिवार में बहुत सारी हानियां भी होती है, जिसमें कम उम्र में बच्ची का मां बनना, शारीरिक और मानसिक विकास का न होना, छोटी-छोटी बातों पर घर में लड़ाई-झगड़े होना आदि परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

CMYK

# एक दंत चिकित्सक को नियम विरूद्ध 7 लाख से ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने का मामला सही पाया गया

## 9 महिने से ना कार्यवाही ना रिकवरी,मामला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का



जांच प्रतिवेदन में बड़ी वित्तीय अनियमितता आई सामने...जिससे जुड़े दस्तावेज

### बिना समीक्षा जारी होता रहा राशि

छत्तीसगढ रूरल मेडिकल कोर योजना (सीआरएमसी) के नियमों पर नजर डाला जाए तो नियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि राशि के भुगतान में बीएमओ और सिविल सर्जन द्वारा अनुमोदित किया जाना है और राशि के भुगतान की हर तीन माह में समीक्षा की जानी है यदि प्रगति संतोषजनक नहीं मिलती है तो भुगतान पर रोक लगाया जाना है। राशि के भुगतान के लिए दो घटकों को देखना होगा पहला निर्धारित स्वास्थ्य केन्द्र में निवास और दूसरा परफॉर्मेंस,इस मामले में बिना समीक्षा किए ही लगातार राशि दी जाती रही,परन्तु जब मामले में आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई उसके बाद से राशि के भुगतान पर ब्रेक तो लगा दिया गया,परन्तु राशि की रिकवरी के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए।

-रवि सिंह-
कोरिया,24 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग ने एक दंत चिकित्सक को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत छत्तीसगढ रूरल मेडिकल कोर योजना (सीआरएमसी) की प्रोत्साहन राशि को नियमविरूद्ध दे डाली, चार साल तक राशि दिए जाने के बाद मामले में आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई, उसके बाद नियमविरूद्ध राशि आबंटन पर ब्रेक लग गया,मामले में शिकायत की गई और जांच स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर अंबिकापुर को सौपी गयी,9 महिने पहले जेडी ने जांच कर सीएमएचओ कोरिया को कार्यवाही के लिए पत्र भेजा,परन्तु ना तो राशि की रिकवरी हुई और ना ही दंत चिकित्सक पर आज तक किसी भी तरह की कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल मे पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ रामकृष्ण यादव को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत छत्तीसगढ रूरल मेडिकल कोर योजना (सीआरएमसी) की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। जबकि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में कई दंत चिकित्सक पदस्थ है, सिर्फ एक ही दंत चिकित्सक को अभी तक 4 वर्षो में 7 लाख 58 हजार 401 रू प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जा चुका है। इस राशि की मांग को लेकर राज्य भर के दंत चिकित्सकों ने तत्कालिन स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की थी, तब ही उन्हों स्पष्ट रूप से नियमों का हवाला देकर राशि नहीं दिए जाना बताया गया था। स्वास्थ्य विभाग में और कार्यरत दंत चिकित्सकों के साथ भेदभाव कर रहा है, यदि दंत चिकित्सक दायरे में आते है तो सभी को राशि दी जानी चाहिए। ऐसे में सिर्फ कोरिया जिले के एकमात्र दंत चिकित्सक को प्रोत्साहन राशि दिया जाना सवाल खडे कर रहा है। आरटीआई के तहत मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में 1 लाख 20 हजार 241, वर्ष 2018 में 73 हजार 242 ओर 128829 वर्ष 2019 में 1 लाख 15 हजार 745 और 74 हजार 17 वर्ष 2020 में 1 लाख 50 हजार 543 और 95 हजार 784 रूपए का भुगतान किया गया है, आरटीआई की मांग के बाद राशि के आबंटन पर विभाग ने ब्रेक लग गया।

### जांच प्रतिवेदन में बड़ी वित्तीय अनियमितता आई सामने

8 सितंबर 2023 को स्वास्थ्य विभाग के ज्वाईंट डायरेक्टर द्वारा बनाई गई जांच टीम ने अपना जांच प्रतिवेदन सीएमएचओ सहित डायरेक्टर एनएचएम और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को सौपा। बाद में षिकायतकर्ता ने जेडी कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत जांच प्रतिवेदन की मांग की,जिसमें चौकाने वाला खुलासा सामने आया। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि सीआरएमसी की राषि देने से पहले सीएमएचओ/डीपीएम/अधिकारी/कर्मचारी के मध्य अनुबंध किया जाना होता है। जानते हुए कि दंत चिकित्सक को यह राषि प्रदान नहीं की जाती है, एक अनुबंध भी बनाया गया,परन्तु उक्त अनुबंध में तत्कालिन सीएमएचओ और तत्कालिन डीपीएम के हस्ताक्षर नहीं पाए गए,दोनों ने डॉ रामकृष्ण यादव से अनुबंध नहीं किया, बावजूद इसके सीआरएमसी की राषि प्रदाय की जाती रही। जो एक बड़ी वित्तीय अनियमितता मानी गयी है।

### सीएस पर ठिकरा और गलती सीएमएचओ कार्यालय की

सीएमएचओ कोरिया द्वारा इसे लिपिकीय त्रुटि बताते हुए भुगतान करना बताया है, जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि जिला चिकित्सालय के सीएस द्वारा दंत चिकित्सक को चिकित्सा अधिकारी बताया गया और अनुबंध के साथ सीएमएचओ कार्यालय भेज दिया गया था। अब यहां सवाल यह खड़ा होता है कि चिकित्सक का अनुबंध जिला अस्पताल के सीएस के साथ तो होता नहीं है अनुबंध सीएमएचओ और डीपीएम के साथ होता है, तो ऐसे में गलती सीएस की कैसे हुई, जबकि फर्जी अनुबंध सीएमएचओ कार्यालय से ही जांच अधिकारियों को प्राप्त हुआ। ऐसे में पूरी गलती सीएमएचओ कार्यालय से ही हुई और राशि 7 लाख रूपए से ज्यादा के भुगतान भी सीएमएचओ कार्यालय से की किया गया और अब गलती का ठीकरा सीएस पर फोड़ा जा रहा है।

# पुलिस ने अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 235 लीटर कच्ची महुआ शराब किया जप्त



-संवाददाता-
कोरबा,24 मई 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में दिनांक 23/05/2024 को भी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं नशीली पदार्थ के विरूद्ध सख्ति से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/ चौकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया। सजग कोरबा के तहत पुलिस द्वारा अलग-अलग जगह पर अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 12 प्रकरणों में कुल 235 लीटर कच्ची महुआ शराब किया जप्त कर कुल 14 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत किया गया कार्यवाही।
ज्ञात हो कि कोरबा पुलिस टीम के द्वारा 01 जनवरी 2024 से अब तक कुल अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 331 प्रकरणों में कुल 5236 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं देसी प्लेन मंदिरा शराब किया जप्त पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 336 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत भेजा गया न्यायिक रिमांड पर। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी अवैध कारोबार पर पूर्णतः लगाम लगाने के लिए संगठित अपराधों के खिलाफ लगातार आगे भी कार्यवाही की जावेगी।

# बालको ने कर्मचारियों के देखभाल की संस्कृति को बनाया उत्कृष्ट



-संवाददाता-
कोरबा,24 मई 2024
(घटती-घटना)।

बालको में 18 साल से काम कर रहा हूं। मेरे लिए यह आज भी उतना ही रोमांचक है जितना यहां मेरा पहला दिन था। ये शब्द बालको के पॉटलाइन में काम करने वाले कृष्ण श्रीवास के हैं। उन्होंने आगे बताया कि यहां मैं अपने पत्नी और बच्चों के साथ रहता हूं। विकसित भारत के लिए एल्यूमिनियम निर्माण का कार्य कर रहा हूं। मेरे बच्चों को बालकोनगर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। यहां काम करने के साथ परिवार को मिलने वाली सभी सुविधाओं से उन्हें खुश और संतुष्ट देखकर मुझे शांति मिलती है। परिवार के बारे में बताते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान साफ झलक रही थी।

रमेश बघेल ग्रीन एनोड प्लांट में काम करते हैं उन्हें बालको में कार्य करते हुए 18 वर्ष हो गए हैं। उन्होंने कंपनी में अपनी यात्रा पर बताया कि हमें हर संभव तरीके से काम करने और कौशल को विकसित करने के लिए यहां पर्याप्त अवसर प्रदान किये गये। कंपनी हमारे लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। प्रशिक्षण से हम कौशल में परिपूर्ण होते हैं जो हमें अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मददगार साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि सीखने के अवसर कर्मचारियों को कार्यस्थल में उनकी उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं जिसकी वजह से बालको में काम करना पसंद है।
जागीरथी दिवाकर 6 वर्षों से अधिक समय से गैरेज में तकनीशियन हैं। दिवाकर जी अपने चेहरे पर गर्व भरी मुस्कान के साथ कहते हैं कि बालको अनुभवी कर्मियों के प्रशिक्षण सत्रों के साथ सुरक्षा के लिए सेफ्टी फर्स्ट दृष्टिकोण अपनाता है। इस पहल से मशीनरी के उचित और सुरक्षित उपयोग से लेकर खतरे की पहचान और आपातकालीन प्रक्रियाओं तक सब कुछ शामिल होता है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीक में निवेश करते हैं कि हमारे पास सुरक्षित और कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए आवश्यक सभी चीजें मौजूद हैं। बालको में बहुत सारी सुविधाएं वेतन से भी बढ़कर हैं जो हमारे लाइफ स्टाइल को उच्चस्तरीय बनाया है। जिसमें अवकाश सुविधा के साथ सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई स्वास्थ्य देखभाल योजना शामिल है।

कर्मचारियों की सुरक्षा और संतुष्टि के लिए बालको प्रतिबद्ध है। नवीनतम तकनीक में निवेश, सुरक्षा के प्रति कंपनी के संकल्प प्रदर्शित करती है। इससे सुनिश्चित होता है कि बालको कर्मचारी अपने कर्तव्यों को सुरक्षित और कुशलता से पूरा करने के लिए तैयार हैं। कंपनी द्वारा बेस्ट एम्प्लॉयर को किन्सेंट्रिक अवार्ड, हैप्पीएस्ट वर्कप्लेस अवार्ड और सस्टेनेबल फैक्ट्री ऑफ द ईयर अवार्ड जैसी प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

बालको अपने कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई नीतियां और योजनाएं लागू किया है। इनमें से कुछ नीतियां और योजनाएं हैं- बालको अपने कर्मचारियों को बचपन के विकास में मदद करने के लिए पेरेंटहुड चाइल्डकेयर पॉलिसी प्रदान करता है। कर्मचारियों को निरंतर पुरस्कार एवं सम्मान कार्यक्रमों के माध्यम से प्रोत्साहित किया है। बालको अस्पताल में सभी के लिए बीमा योजनाओं और चिकित्सा लाभों के साथ उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। कर्मचारियों को उत्कृष्ट श्रेणी की सुविधाओं के साथ रहने और भोजन व्यवस्था को लेकर क्वार्टर, हॉस्टल तथा कैंटीन उपलब्ध कराया है। उत्पादकता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और सुरक्षा कार्यक्रमों की व्यवस्था है। संयंत्र परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कर्मचारी के लिए सुरक्षा और पीपीई किट अनिवार्य किया हुआ हैं।

# मतगणना हेतु रिटर्निंग,ऑफिसर और मास्टर ट्रेनर्स को मिला प्रशिक्षण




-संवाददाता-
कोरबा,24 मई 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा संसदीय क्षेत्र के लिए 04 जून को जिला मुख्यालय के आईटी कालेज में मतगणना होगी। जिले में मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी मे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कोरबा जिले की चारों विधानसभा और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा तथा कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,रिटर्निंग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलों के मास्टर ट्रेनर्स को मतगणना की बारिकियों से रू-ब-रू कराने प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने कहा कि मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शिता से मतगणना कराना है। मतगणना प्रारंभ होने से लेकर संपूर्ण रूप से समाप्ति तक मतगणना कक्ष में गंभीरता और सावधानी बरतनी है। मतगणना स्थल पर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने वालों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मतगणना सुचारू रूप से संपन्न कराना है। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा अपनी शंकाओं को मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से समाधान करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में नेशनल लेबल मास्टर ट्रेनर पुलक भट्टाचार्य और श्रीकांत वर्मा, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ.एम.एम.जोशी और प्रोग्रामर शीतल अग्रवाल ने मतगणना के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट से वोटो की गिनती, सारणीकरण व उसकी डेटा एन्ट्री, मतगणना के लिए प्रशासनिक व सुरक्षा व्यवस्था, गणनाकर्मी और गणना अभिकर्ता की नियुक्ति, डाक मतपत्रों की गणना, प्रमुख वैधानिक प्रावधान, मतगणना केन्द्रों में आधारभूत संरचना की व्यवस्था, परिणामों की घोषणा और अनुगामी कार्यवाही तथा मतगणना पूरी होने के बाद ईवीएम और निर्वाचन सामग्रियों को सील करने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मतगणना कक्ष तक नहीं जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधिकारी या कर्मचारी या सुरक्षा में लगे बल को रिटर्निंग आफिसर के बुलाने पर ही मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। मंत्री, राज्य मंत्री, मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम के पदाधिकारी, नगर पंचायतों के पदाधिकारी सहित सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति मतगणना एजेंट के रूप में नियुक्त नहीं हो सकेंगे। हर विधानसभा के पांच मतदान केंद्रों का रेण्डम आधार पर चयन कर उसकी वीवीपैट मशीन की पर्चियों की गणना अनिवार्य रूप से की जायेगी। मतगणना स्थल पर नियुक्त कर्मचारियों को अलग अलग रंगों के पास दिये जायेंगे ताकि संबंधित कर्मचारी अपने डयूटी वाले निर्धारित स्थल पर रहे। प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि के लिए मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकार पत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा। जहां पर इंटरनेट सुविधा सहित मोबाइल रखने की व्यवस्था रहेगी। मतगणना केन्द्र के बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। 100 मीटर की परिधि में वाहन ले जाने की अनुमति किसी को नहीं होगी। मतगणना प्रक्रिया के दौरान स्ट्रांगरूम खोलने तथा ईवीएम को मतगणना कक्ष तक ले जाने के दौरान वीडियोग्राफी कराई जायेगी। इसके अलावा सीसी टीवी से भी नजर रखी जायेगी।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-202206020700050 /अ-27/2021-22

**फर्द बटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा0प्र0क0-202206020700050 /अ-27/2021-22 पक्षकार रघुनाथ प्रति राजेन्द्र प्रसाद वगै ग्राम लब्जी स्थित खसरा नं0 1681/2, 1742/2 ,1744 ,1746 ,1751/3 ,1769 ,1772 ,1780/2 ,1795/2 ,1809 कुल खसरा नं0 10 कुल रकबा 3.594 हे.भूमि का फर्द बंटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ हैं ,जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा हैं। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनाक 12/06/2024 को इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा- आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 15/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतेन्द्र कुमार सिंह पिता मटुकधारी सिंह जाति क्षत्रिय निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 40/105 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्सा भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र ले-आउट अनुमती आदेश की प्रति रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धरित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार- सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-/अ-21/2023-24

ग्राम-कुरूवां
सर्व साधारण ग्राम कुरूवां को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका फुलेश्वरी देंवांगन पति ओम प्रकाश जाति पनिका निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील व जिला-सूरजपुर (छ0ग) के द्वारा ग्राम कुरूवां, प0ह0नं0 24 तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नं0 2834/4 रकबा 0.140 हे0 भूमि का सिंहदेव योजना के तहत शासकीय पट्टा में प्राप्त होने के कारण उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति बावत श्रीमान कलेक्टर महोदय सूरजपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से जांच कार्यवाही पूर्ण कर प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिस पर भूमि बिक्री की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार अथवा किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 31/05/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
सूरजपुर

# कुवैत फीफा विश्व कप क्वॉलीफायर के लिए भारतीय टीम



**नई दिल्ली,24 मई 2024।** इगोर स्टिमैक ने 27 सदस्यीय टीम की घोषणा कीटीम 29 मई तक भुवनेश्वर में अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरेगी, जिसके बाद टीम कोलकाता की यात्रा करेगी भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारतीय टीम 6 जून को कोलकाता के विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन में कुवैत से खेलेगी।

स्टिमक ने 32 के पूल में से 27 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है जो भुवनेश्वर में कड़े प्रशिक्षण शिविर से गुजर रहे हैं। फुरबा लाचेनपा, पार्थिब गोगोई, इमरान खान,मुहम्मद हम्माद और जितिन एमएस को शिविर से मुक्त कर दिया गया है। रिलीज किए गए खिलाड़ियों के बारे में बात करते हुए स्टिमक ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें ठीक होने में करीब एक पखवाड़े का समय लगेगा। वे सभी बहुत पेशेवर और मेहनती हैं। उनके बीच प्रतिस्पर्धा वास्तव में कड़ी है,खासकर जितिन और पार्थिब के पदों पर। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले मामूली चोटें लगी थीं और उन्हें 7-14 दिनों के आराम की जरूरत होगी,भारतीय टीम के मुख्य कोच ने तर्क दिया। 27 सदस्यीय दल 29 मई तक भुवनेश्वर में अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरेगा जिसके बाद टीम कोलकाता की यात्रा करेगी। कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच के घरेलू चरण के बाद, भारत ग्रूप ए में मेजबान टीम से खेलने के लिए 11 जून को कतर की यात्रा करेगा। भारत इस समय ग्रूप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। समूह की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह भी बुक करेंगी। भारत बनाम कुवैत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीमः गुरप्रीत सिंह संधू,अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ,अमेय रानावाडे,अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पुजारी, राहुल भेके, सुभाशीष बोस, अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जेकसन सिंह थौनाओजम, लालियान जुआला चांगटे,लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजाम, डेविड लालह्लानसंगा, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री और विक्रम प्रताप सिंह।

## आईसीसी ने युवराज सिंह और क्रिस गेल के बाद शाहिद अफरीदी को बनाया एंबेसडर

**नई दिल्ली,24 मई 2024।** युवराज सिंह और क्रिस गेल के बाद अब आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए एम्बेसडर बनाया है। बता दें कि, इस साल टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन वेस्टइंडीज और यूएस में 2 जून से होगा।



अफरीदी 2007 में टी 20 वर्ल्ड कप के डेब्यू के दौरान फाइनल तक पाकिस्तान टीम का अहम हिस्सा और फिर 2009 सीजन में विजयी अभियान में साथ थे। टूर्नामेंट की अपनी स्मृतियों को याद करते हुए अफरीदी ने टूर्नामेंट के एम्बेसडर के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह जताया है।

वहीं इस दौरान शाहिद अफरीदी ने कहा कि,आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। उद्घाटन सीजन में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के रूप में सम्मानित होने से लेकर 2009 में ट्रॉफी उठाने तक, मेरे करियर के कुछ सबसे यादगार पल मैंने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में बिताएं हैं। साथ ही उन्होंने पिछले कुछ सालों में टी20 वर्ल्ड कप के विकास पर कहा कि, टी 20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट काफी विकसित हुआ है। मैंने इस सीजन में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं, जो पहले की तुलना में ज्यादा टीमों, ज्यादा मैचों वाला होने जा रहा है। फिलहाल, टी 20 वर्ल्ड कप का आगाज 2 जून से हो रहा है। जिसके पहले मुकाबले में सह मेजबान यूएसए डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में कनाडा से भिड़ेगा। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की हान यू को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु



**मलेशिया,24 मई 2024।** ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने ब्रेक के बाद बेहतरीन शुरुआत की है। भारतीय स्टार खिलाड़ी ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की हान यू को 21-13, 14-21 और 21-12 से हराया। वहीं इस जीत के बाद पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। बता दें कि, सिंधु थाईलैंड ओपन और उबेर कप में नहीं खेली थी। उन्होंने अपना आखिरी खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। चीन की हान यू के खिलाफ सिंधु की शुरुआत अच्छी रही, भारतीय शटलर ने अपना दबदबा बनाए रखा। पीवी सिंधु ने पहले गेम में चीनी खिलाड़ी को आसानी से 21-13 से हरा दिया। हालांकि, इसके बाद दूसरे गेम में हान यू ने दमदार वापसी की। इस गेम में हान ने सिंधु को 21-14 से शिकस्त दी। लेकिन तीसरे गेम में भारतीय स्टार ने आक्रामक रुख अपनाया। इस गेम में पीवी सिंधु ने हान यू को 21-12 से हरा दिया। वहीं इस जीत के साथ पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

## न ही मैंने और न बीसीसीआई ने किसी भी ऑस्ट्रेलियाई को कोच बनने का ऑफर दिया: जय शाह

**नई दिल्ली,24 मई 2024।** राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम का नया कोच कौन होगा, इस सवाल को लेकर क्रिकेट जगत में हलचल तेज है। इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय बोर्ड या उनकी तरफ से किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए संपर्क नहीं किया गया है और मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, वह गलत हैं।जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।

पुरुष क्रिकेट टीम के लिए बीसीसीआई नए मुख्य कोच की तलाश कर रहा है, क्योंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 13 मई को सोशल मीडिया के जरिए भारतीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच के लिए आवेदन मांगे थे, जिसकी समय सीमा 27 मई निर्धारित की गई है। भारत के अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 के लिए होगी।



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, जिन्होंने आईपीएल 2024 को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में समाप्त किया था। उन्होंने यह कहा था कि हाल ही में उनसे भारत के अगले मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के लिए उनसे संपर्क किया गया है।पोंटिंग ने आईसीसी को बताया था, आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी व्यक्तिगत बातचीत हुई थी, बस मेरी रुचि जानने के लिए कि क्या मैं यह करूंगा। हालांकि, बीसीसीआई सचिव ने ऐसी रिपोर्ट का खंडन किया। शाह ने कहा, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चैनलों में चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं। शाह ने आगे कहा, हमारी नेशनल टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ रखते हों।

बीसीसीआई सचिव ने यह भी बताया कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की समझ होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि यह समझ टीम इंडिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य बनने की दौर में पहले से कई बड़े नाम शामिल हैं। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर से जुड़ी खबरों ने इस मुद्दे को और हवा दी थी।

कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि दोनों ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य बनने को तैयार नहीं हैं, लेकिन अब इस मामले में बीसीसीआई सचिव जय शाह का जो बयान सामने आया है, उसने इन अफवाहों पर लगाम लगा दी है।




## नोवाक जोकोविच का बेहतरीन प्रदर्शन

**» जेनेवा ओपन के सेमीफाइनल में की एंट्री...**

**जिनेवा,24 मई 2024।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। वहीं जोकोविच ने ये मैच 77 मिनट में अपने नाम किया। 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर 28 सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। ये टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरु हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप मैच के रूप में कार्य करता है।शुक्रवार को सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6 से हराया है।

जीत के बात नोवाक ने कहा कि, यह एक शानदार जीत थी। मुझे लगा कि पहला सेट आसानी से उसके पक्ष में जा सकता था क्योंकि मुझे लगता है कि वह पहले सेट के अधिकांश समय में बेहतर खिलाड़ी था।दूसरी तरफ अन्य मैचों में दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेनो को 6-4, 6-4 से हराया।

## गुड बैड अग्ली फिल्म से अजित का पहला लुक आया सामने,माफिया डॉन की भूमिका में दिखे दिग्गज अभिनेता

दक्षिण भारतीय अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म गुड बैड अग्ली' के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर के साथ एक बड़ी घोषणा की है। अभिनेता की फिल्म अगले साल पोंगल पर रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग शुरू होने के लंबे समय के बाद निर्माताओं द्वारा कोई आधिकारिक घोषणा की गई है। इस घोषणा से पहले ही प्रोडक्शन ने अजित के प्रशंसकों को सूचित कर दिया था कि फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आएगी। माइथ्री प्रोडक्शंस' ने अपने सोशल मीडिया पर गुड बैड अग्ली' फिल्म से अभिनेता अजित का अनोखा लुक जारी किया है। पोस्टर में अजित के तीन लुक दिख रहे हैं। अजित के लुक को देखकर लग रहा है कि वह किसी माफिया का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं। उनके सामने टेबल पर बहुत सारी बंदूकें रखी हैं। प्रशंसक अभिनेता के इस लुक को देखकर अंदाजा लगा रहे हैं कि यह एक अपराध कॉमेडी फिल्म हो सकती है। फिल्म के पोस्टर को देखकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म गुड बैड अग्ली' में अजित कुमार ट्रिपल भूमिका में नजर आ सकते हैं। बता दें कि 2006 की ब्लॉकबस्टर वरलारु' के बाद यह अजित कुमार की दूसरी ट्रिपल भूमिका वाली फिल्म होगी।गुड बैड अग्ली की बात करें तो निर्माताओं ने एक विश्वसनीय तकनीकी टीम के साथ इसपर काम किया है। संगीत रॉकस्टार' ने दिया है। अभिनंदन रामानुजम फोटोग्राफी निर्देशक के रूप में फिल्म से जुड़े हैं। पोंगल' को तमिलनाडु में फिल्म रिलीज के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चर्चा है कि शंकर द्वारा निर्देशित कमल हासन अभिनीत फिल्म इंडियन 3' भी पोंगल के आस-पास ही रिलीज हो सकती है। वहीं, राम चरण की गेम चेंजर' अगले साल जनवरी में रिलीज होने की उम्मीद है। अभिनेता अजित के आगामी कार्यों की बात करें तो वह गुड बैड अग्ली' के साथ-साथ विदा मुयार्ची' पर भी काम कर रहे हैं। पिछले दशक में यह पहली बार है कि अभिनेता एक ही समय सीमा में दो फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं।




## फ्रॉक स्टाइल ड्रेस में आमना शरीफ ने शेयर की तस्वीरें

### फोटोज ने इंटरनेट का पारा किया हाई

टीवी की जानी-मानी और खूबसूरत अभिनेत्री आमना शारीफ आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सक उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस आमना शरीफ हमेशा अपने बोल्ड लुक्स से इंस्टाग्राम पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही छा जाता है।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ाती हुई नजर आ रही हैं।फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस आमना शरीफ ने व्हाइट कलर का फ्रॉक स्टाइल ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट नजर आ रही हैं।इस फोटो में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर रिझा रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस आमना शरीफ जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीर पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।आमना शरीफ सोशल मीडिया लवर हैं और साथ ही इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।



## रिलीज से पहले ही कमल हासन की ठग लाइफ ने बनाया एक नया रिकॉर्ड




साउथ सुपर स्टार कमल हासन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे एक बार फिर से दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम के साथ काम कर रहे हैं। कमल हासन के फैंस अभी से ही उनकी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। दर्शक बेसब्री से ठग लाइफ की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने नाम एक रिकॉर्ड बना लिया है। निर्देशक मणिरत्नम 36 साल बाद एक बार फिर से कमल हासन के साथ काम कर रहे हैं। इन दिनों ठग लाइफ की शूटिंग दिल्ली में चल रही है। हर दिन कमल हासन की इस फिल्म से जुड़ी कोई न कोई खबर आती ही रहती है। वहीं आज जो खबर आई है वह कमल हासन के फैंस को काफी उत्साहित करने वाली है। रिपोर्ट्स की माने तो ठग लाइफ की ओवरसीज राइट्स 63 करोड़ रूपये में बिकी है। ठग लाइफ कॉलीवुड की पहली ऐसी फिल्म है जिसके ओवरसीज राइट्स 63 करोड़ रूपये में बिके हैं। इस खबर के बाद से कमल हासन के चाहने वालों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ठग लाइफ में कमल हासन तीन अलग-अलग किरदारों को निभाते नजर आएंगे। हालांकि अभी तक इस खबर की कोई पुष्टि नहीं की गई है। कमल हासन की यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने जा रही है।ठग लाइफ मणिरत्नम की महत्वाकांक्षी फिल्म है। वे इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस फिल्म में कमल हासन के अलावा तृषा कृष्णन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, गौतम कार्तिक, नासिर, पंकज त्रिपाठी और अली फजल जैसे सितारे अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस फिल्म में संगीत एआर रहमान का होगा। दर्शक बेसब्री इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।




## क्रिमिनल जस्टिस 4 का टीजर आउट

### कोर्ट रूम में माधव मिश्रा बन पेचीदा केस सॉल्व करते नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी

पंकज त्रिपाठी की मोस्ट पॉपुलर वेबसीरीज क्रिमिनल जस्टिस' के 3 सीजन को काफी पसंद किया गया था. सीरीज के तीनों सीजम में पंकज त्रिपाठी ने वकील माधव मिश्रा के किरदार में खूब दिल जीता था. वहीं फैंस इस सीरीज के चौथे सीजन का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. ऐसे में फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ाते हुए मेकर्स ने क्रिमिनल जस्टिस 4' का टीजर जारी कर दिया है साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.ओटीटी दिग्गज डिज़्नी+हॉटस्टार ने शुक्रवार को क्राइम ड्रामा सीरीज़ क्रिमिनल जस्टिस के चौथे चैप्टर की अनाउंसमेंट की है. नई इंस्टॉलमेंट में अभिनेता पंकज त्रिपाठी एक बार फिर अपना आइकॉनिक माधव मिश्रा के किरदार में नजर आएंगें. प्लेटफॉर्म द्वारा जारी की गई सीरीज की पहली झलक में पंकज त्रिपाठी काला कोट पहने कोर्ट में नजर आते हैं. इसी दौरान पंकज कहते हैं अरे क्या.. शांत कोर्ट जारी है. जाइये.. इसके बाद पंकज कहते हैं जरा रुकिए हम जल्द आ रहे हैं वहां देखिए इत्मीनान से अब जाइये.इस टीजर को जारी करते हुए डिज़्नी+हॉटस्टार ने कैप्शन में लिखा है, कोर्ट जारी है, और नए सीजऩ की तैयारी भी, आ रहे हैं माधव मिश्रा, हॉटस्टार स्पेशल क्रिमिनल जस्टिस के नए सीजऩ के साथ !क्रिमिनल जस्टिस का पहला सीजन 2018 में आया था इसे 2008 में इसी नाम की ब्रिटिश टेलीविजन सीरीज से एडेप्ट किया गया था. इसके बाद दूसरा सीजऩ साल 2020 में आया था. इस सीजन का टाइटल क्रिमिनल जस्टिसः बिहाइंड क्लोज़्ड डोर्स था. ये भी काफी हिट सीजन रहा था.इसके बाद तीसरा सीरीज का तीसा चैप्टर क्रिमिनल जस्टिसः अधूरा सचसाल 2022 में रहा था. हर बार की तरह तीसरे सीजन ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थी. अब फैंस चौथे सीजन की रिलीज बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.पंकज त्रिपाठी स्टारर क्रिमिनल जस्टिस का सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी. मेकर्स ने इसके रिलीज डेट को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं दी है. अनाउंसमेंट वीडियो में मेकर्स ने बताया है कि माधव मिश्रा जल्द ही वापसी करने वाले हैं.

## अजय देवगन ने नई फोटो में दिखाया ऑन ड्यूटी अवतार

### फैन ने बोला- भारतीय सिनेमा के सभी पुलिस वालों के बाप



अजय देवगन,इस समय अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक महत्वपूर्ण शेड्यूल पूरा करने के बाद सोशल मीडिया पर अपना ऑन ड्यूटी अवतार साझा किया। उन्होंने सिंघम अगेन की टीम को दिए गए समर्थन के लिए घाटी के अधिकारियों और स्थानीय लोगों का भी आभार व्यक्त किया। जम्मू-कश्मीर के सूचना और पीआर द्वारा अभिनेता का एक वीडियो भी साझा किया गया था। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, एक प्यारी शूटिंग और इतने सहयोग के लिए कश्मीर फिल्म प्राधिकरण को बहुत-बहुत धन्यवाद। यह एक सुन्दर स्थान है। हम चाहते हैं कि हम यहां आते रहें. धन्यवाद। शूटिंग के दौरान अजय और रोहित ने जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों से भी मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबर

### भूपेश बघेल ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना



**» लगाया ये आरोप**

**रायपुर,24 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। जैसे-जैसे चरण बीत रहे हैं, मुकाबला कांटे का होता जा रहा है। इसी बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, जब लोग बैलेट पेपर से वोट करते थे तो चुनाव आयोग 24 घंटे के अंदर वोटिंग प्रतिशत का डेटा जारी कर देता था। आज डिजिटल युग में चुनाव आयोग 8-10 दिन बाद भी डेटा नहीं देता और जब देता है तो प्रतिशत 6-8 प्रतिशत बढ़ जाता है। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण है।

# कवर्धा सड़क हादसे पर हाईकोर्ट ने मांगा शपथ-पत्र

**» कवर्धा के पंडरिया ब्लाक में सड़क हादसे में हुई 19 आदिवासियों की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने आज स्वत: संज्ञान लेकर प्रारंभिक सुनवाई की...राज्य सरकार समेत सभी पक्षकारों से शपथ-पत्र में बताने के लिए कहा है कि सड़क हादसे रोकने के लिए क्या उपाय कर रहे...साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन में राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी गई है...»**

**» पूछा हादसे रोकने क्या उपाय कर सकते हैं, मीडिया को भी दिया मैसेज**



**बिलासपुर,24 मई 2024 (ए)।** कवर्धा के पंडरिया ब्लॉक में हुए सड़क हादसे में 19 आदिवासियों की मौत के मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वतः संज्ञान लेकर आज प्रारंभिक सुनवाई की। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए राज्य शासन, राष्ट्रीय राजमार्ग, परिवार विभाग व कलेक्टर सहित सभी पक्षकारों से शपथ पत्र में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड में कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाम्ही के आश्रित गांव सेमरहा से 35 से 40 महिला पुरुष तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए सोमवार की सुबह रुख्मीदादर के जंगल गए थे। तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद सभी दोपहर को पिकअप क्रमांक सीजी 09 जेडी 5670 से अपने गांव सेमरहा लौट रहे थे। गांव से करीबन बीस किलोमीटर पहले नेउरङ्क बाहपानी मार्ग पर बंजारी घाट में घुमावदार मोड़ पर ब्रेक फेल होने से पिकअप अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराते हुए खाई में जा गिरी। इस घटना में 15 महिलाओं,तीन नाबालिक लड़कियों व एक पुरुष की मौत गई। जबकि दस लोग घायल है। सभी मृतक आदिवासी बैगा समुदाय से ताल्लुकात रखते थे। इस संरक्षित समुदाय को राष्ट्रपति ने गोद लिया है।

हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव ने संवेदनाएं व्यक्त की। मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख व घायलों के लिए 50 हजार मुआवजे की घोषणा राज्य सरकार ने की।

जिस जगह वाहन हादसे का शिकार हुआ था वह ढलान वाला घाट क्षेत्र है। यहां वाहनों को यू टर्न लेकर गुजरना पड़ता है। वाहनों को हादसे से बचाने के लिए सड़क पर कोई भी दिशा सूचक बोर्ड या संकेतक नहीं लगा है। ना ही यहां स्पीड कम करने की सलाह वाला साइन बोर्ड है। अक्सर मोड पर यहां वाहन अनियंत्रित होते रहते हैं।

इस भयानक हादसे की मीडिया में प्रकाशित खबरों को हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका मान आज हाईकोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई की है। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने इसके लिए राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, परिवहन आयुक्त, स्टेट हाईवे और नेशनल हाइवे,कवर्धा कलेक्टर सहित 12 लोगों को पक्षकार बनाते हुए उनसे जानकारी मांगी है।

आज सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने कहा कि जिस तरह से पिकअप में इतने लोगों को बैठाया गया था और वह पलट गई यह गंभीर घटना है। इस तरह के हादसे रोकने के लिए राज्य सरकार, परिवहन विभाग, नेशनल हाईवे, व कलेक्टर समेत अन्य पक्षकार क्या उपाय कर सकते हैं? इस पर अपना शपथ पत्र दें। साथ ही यह भी बताएं कि देश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत राज्य सरकार ने क्या-क्या कार्यवाही की है, इसकी भी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

**मीडिया से भी कहा...**

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की डीबी ने मीडिया के लिए भी बात कही। बेंच ने कहा कि पत्रकार अक्सर नेगेटिव खबरें ही ज्यादा छापते हैं, जबकि पॉजिटिव चीजों में भी काफी काम हो रहे है। मीडिया को पॉजिटिव चींजे भी छापनी चाहिए। साथ ही अदालत ने मीडिया संस्थानो से भी आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग हादसों की भयानक तस्वीरें फ्रंट पेज पर छापते है, इससे समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए इन खबरों को अंदर के पेज पर प्रकाशित किया जाना चाहिए।

# कवर्धा सड़क हादसे के मामले में मृतकों के परिवारों से मिले कांग्रेसी नेता

**» पीसीसी चीफ बैज बोले,परिजन को 20-20 लाख और नौकरी दे सरकार...**



**कवर्धा,24 मई 2024 (ए)।** जिले के बाहपाली में सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी। घटना के चार दिन बाद अपने चार विधायकों के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आज सेमरहा गांव पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और सरकार से मृतक के परिजनों से 20- 20 लाख रुपए मुआवजा और योग्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।दीपक बैज ने घटना को लेकर सरकार और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है। बता दें कि 20 मई को तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे ग्रामीणों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस भयंकर दुर्घटना में 19 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख जताया है।पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मृतकों को 5-5 लाख रुपए देने और घायलों 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया था.। इतने से कुछ नहीं होने वाला है. सभी मृतक के परिजनों को 20-20 लाख रुपए और योग्य व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया जाए।

## नक्सल पत्र में केजरीवाल और सोरेन का नाम

**» संगठन ने सरकार पर जबरन जेल में ठूंसने का लगाया आरोप**





**रायपुर,24 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार की तरफ से नक्सल उन्मूलन की दिशा में कई बड़े कदम उठाये गए हैं। इनमे एक तरफ जहां हथियारबंद नक्सलियों को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जा रहा हैं तो सरकार दूसरी तरह इस समस्या के समाधान के लिए वार्ता की कोशिश भी कर रही हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने पहले ही साफ़ कर दिया था की मुठभेड़ उनके नक्सल उन्मूलन का महज 20 फ़ीसदी हिस्सा हैं। वह चाहते हैं कि माओवादी नेताओं से बेहतर माहौल में वार्ता कर इस समस्या का निपटारा किया जाये। गृहमंत्री ने इससे पहले नक्सलियों को वीडियो कॉलिंग या फिर मध्यस्थ के माध्यम से भी बात करने का आमंत्रण भेजा था लेकिन यह कवायद अबतक सफल नहीं रही। वही पिछले दिनों सरकार की तरफ से यह भी बताया गया कि वह समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की नीति को बेहतर करना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के लिए एक प्रपत्र जारी करते हुए उनके सुझाव मांगे थे।

बहरहाल इस पूरे मामले को लेकर नक्सलियों की तरफ से चार पन्ने का पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में माओवादी नेताओं ने सरकार के उन सवालों का जवाब भी दिया हैं जो उनसे पूछे गए थे। पत्र में नक्सलियों ने सरकार पर आरोप लगाए हैं। उनका मानना हैं कि सरकार एक तरफ निःशर्त वार्ता का दावा करती हैं जबकि दूसरी तरफ उनकी तरफ से कई शर्तें लाद दी जाती हैं। ऐसे में बातचीत संभव नहीं हैं। पत्र में नक्सलियों ने अपने आंदोलन को जनता का आंदोलन बताते हुए कहा हैं कि उनका आंदोलन कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हुआ हैं। अपने खत में नक्सलियों ने दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का जिक्र किया हैं।

## जेब से झीरम कांड का सबूत निकाल सरकार को सौंपे भूपेश बघेल

**» गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान**



**रायपुर,24 मई 2024 (ए)।**पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने चुनाव परिणाम, झीरम हमले की जांच, छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाणपत्रों की जांच और कवर्धा में हुए सड़क हादसे पर सरकार और गृहमंत्री विजय शर्मा पर जमकर निशाना साधा है। वहीं अब पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ब्यान पर प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भाजपा को एससी, एसटी, ओबीसी विरोधी सरकार बताने वाले बयान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, विगत 4 से 5 साल में हिंदुओं में जाति प्रथा थोप दी गई। भले मूलतः वह मानते नहीं,कहीं प्रमाण नहीं है लेकिन फिर भी थोप दिया गया। इसमें फिर भी आरक्षण दिया गया यह स्वागत योग्य है। जिस धर्म में जाति की व्यवस्था नहीं है उस धर्म में आप एससी एसटी और ओबीसी बनायेंगे। तो यह लोगों के अधिकार का हनन है। स्पष्टता की बात यह है कि पिछले कुछ साल में ओबीसी के सर्टिफिकेट बनाए गए हैं। सीएम के संज्ञान में इस विषय को लाऊंगा। पूरी कोशिश करूंगा की मामले की जांच हो। प्रमाण पत्र वोट बैंक की राजनीति के लिए बनाया गया है।पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा रोहिंग्या मुसलमानों को ढूंढने चुनौती देने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, उन्होंने जबरदस्ती रोहिंग्या शब्द जोड़ दिया। इसके नए केस हमारे पास है। जिन्हें गांव वाले और बीएलओ नहीं जान रहे है। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। स्थानीय लोगों को पीड़ा होती है। कई गांव में उन्हें वोट नहीं डालने दिया गया। क्योंकि अचानक उनका नाम मतदाता सूची में आ गया। ये सब पिछली सरकार के समय अधिक हुआ है।झीरम मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हम भूपेश बघेल से आग्रह करेंगे अगर वह कह रहे हैं कि, उनके जेब में सबूत है तो वे उसे जांच कमेटी के सामने रखे। गिरेबान पकड़ने वाला मामला ही नहीं है वो काफी वरिष्ठ नेता है। जाति प्रमाण पत्र की जांच को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, एससी,एसटी, ओबीसी वर्ग को आरक्षण इसलिए दिया गया है कि, उसे अवसर मिले अगर इसमें और भी वर्ग के लोगों को जोड़ देंगे तो उनके साथ अन्याय है और छत्तीसगढ़ में ऐसा हुआ है। एक विशेष समुदाय के लोगों को आदिवासियों और ओबीसी वर्ग का लाभ दिया जा रहा है।

## रिश्वत लेते एएसआई कैमरे में कैद



**धमतरी,24 मई 2024(ए)।** पुलिस पर अक्सर छोटे बड़े कामों के लिए रिश्वत मांगने के आरोप लगते रहते हैं, लेकिन धमतरी में एक एएसआई रिश्वत लेते कैमरे में कैद हो गया। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एएसआई को निलंबित कर दिया है।दरअसल धमतरी सिटी कोतवाली में एक मारपीट के मामले में यह सारी लेनदेन की बात सामने आई है। मारपीट के आरोपी को मुचलके पर छोड़ने की बात में एएसआई ने पैसों की मांग की थी। यह लेन-देन साढ़े चार हजार रुपए में सेट हुआ था। पैसे देने वाले पक्ष ने खुद इस लेन-देन का वीडियो बनवाया और इस पूरे मामले की शिकायत धमतरी एसपी आंजनेय वार्ष्णेय से की। प्रमाण के तौर पर वीडियो भी दिया गया है।धमतरी एसपी ने मामले को संज्ञान में लिया।

## राजधानी के मास्टर प्लान में गड़बड़ी करने वाले दोषियों पर होगी कार्रवाई



**रायपुर,24 मई 2024(ए)।** राजधानी के मास्टर प्लान में बड़ा खेल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच समिति का मानना है कि व्यवस्थित शहर के लिए प्लान में एक तिहाई तक बदलाव करना होगा। दरअसल, मास्टर प्लान में मिली शिकायतों के बाद मार्च में पहली बार जांच समिति बनी थी। उसने जांच में पाया कि शहर के बड़े हिस्से में नियमों के बाहर जाकर बदलाव किया गया है। पूर्व कांग्रेस शासन काल में राजधानी के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर ने जो मास्टर प्लान लागू किया है इनमें थोक में गड़बड़ियां पाई गई है।

## जवानों की जान की परवाह नहीं

**» कवर्धा हादसे के बाद मालवाहकों पर सवारी दुलाने पर हो रही कार्रवाई, इधर सुरक्षा बलों के जवान उसी गाड़ी से कर रहे ड्यूटी**



**कवर्धा,24 मई 2024(ए)।** जिले में पिकअप हादसे के बाद पुलिस जहां एक ओर पिकअप गाड़ियों में सवार लोगों पर कार्रवाई कर अब वाहवाही लूट रही है। वहीं पुलिस के जवान हमेशा इसी तरीके से मालवाहक गाड़ी में एक जगह से दूसरी जगह जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं, क्या पुलिस के इन जवानों की जान की परवाह शासन-प्रशासन को नहीं है। दरअसला सेमरहा गांव में पिकअप में सवार होकर तेंदूपत्ता तोड़ने गए 19 मजदूरों की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं इसी गांव में जवान ड्यूटी के लिए पिकअप में सवार होकर पहुंचे हैं। चिंता की बात तो तब है जब हमने इस गाड़ी का पेपर चेक किया तो हमें पता चला कि जिस गाड़ी पर ये जवान सवार हैं उस गाड़ी का बीमा लगभग 1 साल पहले ही एक्सपायर हो गया है। एक तरफ घटना के बाद पुलिस प्रशासन, परिवाहन विभाग की टीम ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्र और शहरों में पिकअप वाहन में सवार ढो रहे उन गाड़ियों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन जवान जब ड्यूटी में जाते हैं और आते हैं तो इन्ही पिकअप में सवार होकर आ जा रहे हैं। यानी जवानों की जान की कीमत शासन-प्रशासन को नहीं है।

## संविदा कर्मियों को अब सीधे सरकार से मिलेगा वेतन




**रायपुर,24 मई 2024 (ए)।** पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश भर में शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा कर्मियों के लिए काम की खबर है।दरअसल खबर आ रही है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में संविदा से कार्यरत कर्मियों को अब सरकार से ही उनका वेतन मिलेगा।इसके अनुसार, लोक शिक्षण संचालनालय वेतन देगा। संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों और सचिव को इस संबंध में निर्देश जारी किया है।




## राजधानी की तर्ज पर बिलासपुर में भी खुलेगा पुलिस पब्लिक स्कूल

**बिलासपुर,24 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा अब बिलासपुर में भी पुलिस पब्लिक स्कूल खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से बिलासपुर रेंज के आईजी को एक पत्र भी भेजा गया है।इस पत्र में लिखा गया है कि, वे 7 दिन के भीतर वहां नया पुलिस पब्लिक स्कूल खोलने के लिए स्थान, बजट आदि का आंकलन कर रिपोर्ट भेजें। बता दें कि इससे पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन में पुलिस पब्लिक स्कूल खोला हुआ है। जो बच्चों क पालको औव बच्चों के द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।स्कूल की लोकप्रियता के चलते ही बिलासपुर में भी पुलिस पब्लिक स्कूल की स्थापना के लिए पुलिस महानिदेशक ने आईजी को पत्र लिखा गया है। सीबीएसई कोर्स के तहत संचालित इस स्कूल में पुलिस वालों के बच्चे ही पढ़ाई कर सकते हैं।

## इंद्रावती नदी पार कर कैंप लौटे जवान

**» अबूझमाड़ में ढेर किए 8 नक्सली**



**नारायणपुर,24 मई 2024(ए)।** जवानों ने अबूझमाड़ में 8 नक्सली ढेर किए है। बता दें कि गुरुवार देर शाम तक 7 नक्सलियों के मारे जाने की खबर थी। 2 माओवादियों की बॉडी नारायणपुर पुलिस और 5 नक्सलियों के शव अबूझमाड़ पुलिस ने बरामद किए हैं। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में नक्सलियों की प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं। जवानों को नक्सलियों की सटीक लोकेशन मिल गई। तब इलाके की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए तीन जिलों नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा पुलिस को ऑपरेशन के लिए उतारा गया। गुरुवार रात 11 बजे तक रेकावाया के जंगलों में जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर रखा था। दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों के अबूझमाड़ में डेरा जमाने की बात सामने आई थी। जवान अब भी मौके पर ही मौजूद हैं। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

**एसपी के सामने 3 नक्सलियों ने किया सरेंडर**

**भाजपा कार्यकर्ता ने उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा को बधाई देते हुए कहा शांति वार्ता शहीदों को होगी सच्ची श्रद्धांजलि**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय जयसिंघानी ने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के द्वारा नक्सल उन्मूलन के लिए जो नई सरेंडर पॉलिसी बनाई गई है उसका असर दिखाई दे रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करते हुए कहा था कि नक्सली बताएं कि वे कैसी पुनर्वास नीति चाहते हैं।छत्तीसगढ़ के बस्तर में लगातार हो रही मुठभेड़ और सरकार की तरफ से नक्सलियों के साथ शांति वार्ता करने की पहल को लेकर अब नक्सलियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

## ज्वेलरी शॉप के संचालक ने किया सुसाइड,परिजन सदमे में



**राजनांदगांव,24 मई 2024(ए)।** शुक्रवार सुबह मोहला-मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी के एक सराफा कारोबारी ने निजी कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। अचानक सराफा व्यापारी के उठाए जानलेवा कदम से परिवार के लोग सदमे में हैं। अं. चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सराफा व्यापारी मनोज सोनी रोज की तरह सुबह घर से नाश्ता करने के बाद बाहर निकला। कुछ घंटों के बाद वापस लौटकर वह कमरे में चला गया। बंद कमरे में हलचल नहीं होने के बाद परिवार के सदस्यों ने उनको आवाज लगाई। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर परिवार के सदस्य दरवाजा तोडक़र कमरे में दाखिल हुए। कमरे में सराफा व्यापारी को फांसी के फंदे में लटका देखकर सभी के होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि 33 साल के मनोज सोनी पायल ज्वेलर्स के संचालक थे। उनका घर बजरंग चौक में स्थित है। अं. चौकी एसडीओपी अर्जुन कुर्रे ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। व्यापारिक जगत में चर्चा है कि संभवतः आर्थिक कारणों से परेशानी के चलते व्यापारी ने ऐसा कदम उठाया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)